दैनिक
नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 156 | सीकर, बुधवार 05 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

एयू बनो चैंपियन ग्रामीण खेल महोत्सव का समापन

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

चिड़ावा (नवयत्न)। एयू बनो चैंपियन ग्रामीण खेल महोत्सव की दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह में अतिथि के रूप में पार्षद रजनीकांत मान, प्रदीप मेचू, सुरेंद्र राव तथा जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष नाहरसिंह थालौर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में चिड़ावा और डूमोली की टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। कबड्डी में मोरवा और पिलानी की टीमों का दबदबा रहा जबकि वॉलीबॉल में मालुपुरा और पिलानी की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में संदीप, सौरव, अनिकेत, जयंत, रितेश, प्रदीप, अमित, विवेक, अनिल सहित अन्य सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।

प्रकृति के प्रहरी 0.2 एवं संस्कार से परिवार प्रतियोगिताओं का आयोजन

निसं

नोखा (नवयत्न)। प्रकृति के प्रहरी 0.2 एवं संस्कार से परिवार प्रतियोगिताओं का आयोजन। अणुविभा के प्रकल्प अंतर्गत अणुव्रत समिति नोखा द्वारा अणुव्रत क्रिएटिविटी कांस्टेंट2026 किया जा रहा है। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष एवं उपकोष अधिकारी रमेश कुमार व्यास ने बताया आज दूरस्थ गांव लालासर के नवजीवन शिक्षण संस्थान विद्यालय में मेरा परिवार मेरी पहचान विषय पर निबंध, गायन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर विद्यार्थियों को क्रियात्मक जानकारी दी गई। विद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए जिसकी प्रत्येक विद्यार्थी को जिम्मेदारी दी गई। प्रत्येक बच्चे ने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल राहड़ ने विद्यार्थियों को संयम एवं जीवन विज्ञान की संक्षिप्त जानकारी दी। प्रतियोगिता प्रभारी नारायण कड़वासरा ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को परिवार की की जानकारी के साथ महत्व एवं सकारात्मक जीवन जीने की शैली के बारे में जानकारी मिली। अणुव्रत समिति के इस आयोजन को अच्छा बताया। एसीसी प्रभारी दिनेश उपाध्याय के अनुसार इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक भाग लेने का अवसर मिलेगा। सामूहिक गायन में भी विद्यार्थियों ने भाग लिया जिन्होंने संयममय जीवन हो की प्रस्तुति दी।

फॉलोअप शिविर में 2012 को मिला लाभ

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत मंगलवार को पंचायत समिति श्रीमाधोपुर की ग्राम पंचायत कल्याणपुरा (थोई) एवं अजीतगढ़ की ग्राम पंचायत खटकड़ में शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में करीब 22 विभागों से जुड़े चिन्हित कार्यों का मौके पर निस्तारण कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। राजस्व विभाग में ऑनलाइन प्रमाण पत्र के 64, शुद्धिकरण के 5 और नामांतरण के 23 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वहीं ऊर्जा विभाग के 6, आयोजना विभाग के 31, खाद्य विभाग के 21, पंचायती राज विभाग के 16, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 5, परिवहन विभाग के 2, समाज कल्याण विभाग के 17, शिक्षा विभाग के 14 और सहकारिता विभाग के 10 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान कुल 2012 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिला।

संसद में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर हंगामा

खड़गे बोले- ईडी कहां है, रिजिजू ने कहा- विपक्ष घड़ियाली आंसू बहा रहा

संसद के मानसून सत्र का 12वां दिन

नई दिल्ली।

संसद के मानसून सत्र के 12वें दिन राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 19 मिनट चल पाई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने इस दौरान टैक्स संशोधन से जुड़े बिल पेश किए। इसके बाद सदन बुधवार तक के लिए स्थगित हो गई।

राज्यसभा की कार्यवाही दिन में दो बार स्थगित हुई। 11 बजे कार्यवाही शुरू होने के आधे घंटे के भीतर स्थगित भी हो गई। दोपहर 12 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, लेकिन 20 मिनट ही चल पाई। दोपहर 2 बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई।

इससे पहले राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के बीच बहस हुई। खड़गे ने कहा- राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार ने किया था। ट्रस्ट को 70 एकड़ से ज्यादा जमीन सौंपी। पीएम खुद राम मंदिर से जुड़े हर आयोजन में शामिल हुए। अब ईडी, सीबीआई और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियां कहां हैं। सरकार को सदन में इसका जवाब देना चाहिए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने राम मंदिर बनने पर काली पट्टी बांधकर विरोध किया था। आज वही लोग घड़ियाली आंसू बहाकर देश को गुमराह नहीं कर सकते। पहले भगवान राम का अपमान करने के लिए देश से माफी मांगिए, उसके बाद सरकार से जवाब मांगिए।

खड़गे बोले- सरकार चंदा चोरी पर जवाब दे, रिजिजू ने कहा- विपक्ष घड़ियाली आंसू बहा रहा

राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर कैश, चढ़ावा, गहने और जमीन से जुड़े गंभीर आरोप सामने आए हैं। इस ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार ने किया था। संसद में इसकी घोषणा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी।

खड़गे ने कहा- पीएम ने ट्रस्ट को 70 एकड़ से ज्यादा जमीन सौंपी और वे राम मंदिर के हर महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होते रहे हैं। खड़गे ने सवाल किया कि ईडी, सीबीआई और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियां इस मामले में क्या कर रही हैं। सरकार को सदन में इसका जवाब देना चाहिए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर पलटवार किया। उन्होंने कहा- कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सालों तक भगवान राम और राम मंदिर का विरोध करती रही हैं। राम मंदिर बनने पर काली पट्टी बांधकर विरोध किया था। आज वही लोग चंदा चोरी का नाटक कर रहे हैं।

रिजिजू ने कहा- राम विरोधी लोग घड़ियाली आंसू बहाकर देश को गुमराह नहीं कर सकते। पहले भगवान राम का अपमान करने के लिए देश से माफी मांगिए, उसके बाद सरकार से जवाब मांगिए।

प्रियंका बोलीं- बीजेपी से जनता ऊब चुकी है, उपचुनाव नतीजे इसकी शुरुआत

बिहार और मध्य प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि अब साफ है कि जनता भाजपा से ऊब चुकी है। लोग समझ रहे हैं कि देश में क्या हो रहा है। मुझे लगता है कि यह सिर्फ शुरुआत है।

वित्त मंत्री सीतारमन ने शोर-शराबे के बीच बिल पेश किया

दोपहर 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद खड़े होकर नारे लगाने शुरू कर दिए। पीठासीन दिलीप सैकिया ने इन सांसदों को नारे न लगाने और बैठ जाने के लिए कहा लेकिन वे नहीं माने। शोर शराबे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने टैक्सेशन एंड अदर्स लॉ (संशोधन) बिल पेश किया।

राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक स्थगित

राज्यसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। आज कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर नारे लगाए।

16 मिनट ही चली लोकसभा

दो बजे शुरू हुई लोकसभा की कार्यवाही 16 मिनट ही चल पाई। इस दौरान विपक्षी सांसदों की नारेबाजी जारी रही। इसके बाद पीठासीन दिलीप सैकिया ने सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी।

ईरान में विदेश मंत्री अराघची को हटाने की तैयारी

दावा- राष्ट्रपति पजशकियान की ताकत घटी, सुप्रीम लीडर की इस्लामिक फोर्स ज्यादा पावरफुल

नई दिल्ली

ईरान के कुछ सांसद विदेश मंत्री अब्बास अराघची को पद से हटाने की तैयारी कर रहे हैं। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक सीनियर सांसद होसैनअली हाजीदेलिगानी ने मंगलवार को कहा, हम अराघची के खिलाफ महाभियोग लाने के लिए सबूत और जरूरी दस्तावेज जुटा रहे हैं। सही समय आने पर यह प्रक्रिया शुरू करेंगे। दूसरी ओर, ईरान में राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के अधिकारों में बड़ी कटौती की खबर सामने आई है। इजराइली चैनल-14 की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े अहम मामलों में राष्ट्रपति की भूमिका सीमित कर दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अब सुप्रीम लीडर के कंट्रोल वाली इस्लामिक फोर्स यानी आईआरजीसी ज्यादा पावरफुल हो गई है। राष्ट्रीय सुरक्षा, परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका से बातचीत जैसे बड़े मुद्दों पर अब आईआरजीसी के कमांडर अहमद वाहिदी का फैसला अंतिम माना जाएगा।

5 बड़े अपडेट्स..

1. अमेरिका-ईरान वार्ता की तारीख और जगह अब तक तय नहीं: अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित बातचीत को लेकर अभी तक तारीख और स्थान तय नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान और कतर संभावित मेजबान देशों के तौर पर चर्चा में हैं और दोनों देश मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं।

2. ईरान की नई रणनीति- जंग नहीं, अमेरिका पर दबाव बढ़ाना: रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान अब सीधी सैन्य जीत के बजाय समुद्री व्यापार, तेल आपूर्ति और अहम शिपिंग रूट्स पर दबाव बनाकर अमेरिका और उसके सहयोगियों की लागत बढ़ाने की रणनीति अपना रहा है।

3. ईरान का दावा- होर्मुज के ऊपर उड़ रहा रीपर ड्रोन मार गिराया: आईआरजीसी ने दावा किया कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के ऊपर उड़ रहे स्काई-9 रीपर ड्रोन को एयर डिफेंस सिस्टम से मार गिराया। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि ड्रोन किस देश का था।

4. अमेरिका ईरान पर दबाव बढ़ाने के नए विकल्प तलाश रहा: एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने अपने सैन्य विश्लेषकों से ईरान पर दबाव बढ़ाने और उसे सजा देने के लिए नए सुझाव मांगे हैं। अधिकारियों ने इसे असामान्य कदम बताया है।

5. हूती धमकी के बाद 6 सऊदी सुपरटैंकरों ने रास्ता बदला: यमन के हूती विद्रोहियों की धमकी के बाद छह सऊदी सुपरटैंकरों ने लाल सागर और बाब-अल-मंदेब के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी हिस्से से लंबा समुद्री रास्ता अपनाया। इससे क्षेत्र में शिपिंग सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई।

जयपुर-श्रीराजपूत करणी सेना के प्रदर्शन में घायल युवक की मौत

मकराना बोले- सरकार 1 करोड़ मुआवजा दे; नहीं तो जयपुर बंद करेंगे, सीएम हाउस घेरेंगे

जयपुर। जयपुर में श्रीराजपूत करणी सेना के प्रदर्शन के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। यूजीसी रोल बैक और सवर्ण समाज की विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को रैली निकाली गई थी। प्रदर्शन के दौरान डीडवाना-कुचामन के पलाड़ा निवासी देवराज सिंह की तबीयत बिगड़ गई। उसे नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए, जहां से एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान देवराज की मौत हो गई। देवराज परिवार वर्तमान में जयपुर में रहता है। इसको लेकर श्रीराजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने जयपुर में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया- देवराज सिंह पलाड़ा ओबीसी से आता है। वह रावणा राजपूत समाज से था, लेकिन हमारे साथ खड़ा था। पुलिस की ओर से कालवाड़ रोड पर चलाए गए वाटर कैनन की बौछार उसके सीने पर लगी। इससे वो घायल हो गया था इसके बाद उसकी मौत हो गई। अभी हम सब उसी के अंतिम संस्कार से आ रहे हैं।

महिपाल ने की एक करोड़ के मुआवजे की मांग-महिपाल सिंह मकराना ने कहा- देवराज की मौत के दोषी अफसरों को सरकार जल्द निलंबित करे। अधिकारियों ने वाटर कैनन चलाकर एक युवक की बलि ले ली। हम उसे वापस नहीं ला सकते, लेकिन हमारी संस्थाओं की ओर से उसके परिवार को आर्थिक मदद देंगे। सरकार उसके परिवार को जल्द एक करोड़ रुपए मुआवजा दे।

दूसरे दिन भी चला सड़क चौड़ीकरण अभियान

गरजे जेसीबी-पोकलेन, 80 फीट चौड़ी होगी शाहपुरा-चिड़ावा रोड

हरीश देवंदा

नीमकाथाना (नवयत्न)। शाहपुरा-चिड़ावा स्टेट हाईवे-13 के 80 फीट चौड़ीकरण के लिए प्रशासन का अतिक्रमण हटाओ अभियान मंगलवार को दूसरे दिन भी लगातार जारी रहा। दूसरे चरण में कार्रवाई जिला अस्पताल से शुरू होकर खेतड़ी रोड तक की गई। सड़क सीमा में आने वाले पक्के निर्माण, दुकानों के आगे निकले हिस्से, चबूतरे और अन्य अतिक्रमण जेसीबी व पोकलेन मशीनों की मदद से हटाए गए। अभियान के दौरान कई मकानों और बहुमंजिला इमारतों के आगे बने हिस्सों को भी ध्वस्त किया गया। इससे पहले सोमवार को कार्रवाई सिरोही नदी

क्षेत्र से शुरू हुई थी, जो शहर के अंदरूनी हिस्सों तक पहुंची। दो दिनों से लगातार चल रही कार्रवाई के चलते पूरे मार्ग का स्वरूप बदलता नजर आने लगा है। प्रशासन के अनुसार प्रस्तावित 80 फीट चौड़ी सड़क के दायरे में करीब 186 अतिक्रमण प्रभावित हो रहे हैं। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। बीच-बीच में कुछ स्थानों पर लोगों ने आपत्ति भी जताई लेकिन प्रशासन ने समझाइश के बाद शांतिपूर्ण ढंग से अभियान जारी रखा। एसडीएम राजवीर यादव ने बताया कि शहरवासियों का सहयोग मिल रहा है और अभियान शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। जिन निर्माणों पर न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त है, उन पर फिलहाल कार्रवाई नहीं की जा रही है। तहसीलदार वीपी सिंह नरुका ने बताया कि प्रभावित लोगों को पहले ही नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया गया था ताकि उनका नुकसान कम हो। सड़क चौड़ीकरण का कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम राजवीर यादव, तहसीलदार वीपी सिंह नरुका, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता खेताराम चौधरी सहित प्रशासनिक अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

हाईकोर्ट में मामला विचाराधीन- शाहपुरा-चिड़ावा मार्ग पर गांवड़ी मोड़ से सिरोही नदी तक मास्टर प्लान के अनुसार 100 फीट सड़क चौड़ीकरण को लेकर दायर जनहित याचिका राजस्थान हाईकोर्ट में विचाराधीन है। मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त को निर्धारित है। फिलहाल प्रशासन 80 फीट चौड़ीकरण के अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है।

नवयत्न कोबरी-सार

4.13 करोड़ की लागत से बन रहे राजकीय स्कूल भवन का विधायक ने किया निरीक्षण

निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। उपखंड क्षेत्र के श्रीकृष्ण नगर में निर्माणाधीन राजकीय विद्यालय भवन का विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने निरीक्षण किया। करीब 4.13 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे इस विद्यालय भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए विधायक ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माणाधीन कक्षाओं, अन्य सुविधाओं एवं भवन की संरचना का अवलोकन किया। उन्होंने कहा

कि शिक्षा केवल साक्षरता प्राप्त करने का माध्यम नहीं है बल्कि वह ऐसा प्रकाश पुंज है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर समाज को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है। एक सुदृढ़ एवं आधुनिक विद्यालय भवन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला साबित होगा। विधायक धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि यह भवन केवल ईंट-पत्थरों से तैयार होने वाला ढांचा नहीं है बल्कि क्षेत्र के नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य और उनके सपनों की मजबूत नींव है। यहां बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी तथा उनकी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और सरकारी विद्यालयों को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने भी विद्यालय भवन निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भवन बनने के बाद क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें आधुनिक वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विधायक ने विश्वास जताया कि यह विद्यालय आने वाले वर्षों में क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान मदन लाल गुर्जर, पूर्व सरपंच फतेहसिंह शेखावत, बबलू अवाना, रोहिताश मनकश, सतीश खरडिया, रामचन्द्र, कैलाश चंद, जयप्रकाश, देवेंद्र, नरेश कुमार, सुभाष, हंसराज, सुमेर सिंह, जयपाल, प्रवीण कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

मोबाइल में सेव निजी डेटा से हो सकती है साइबर ठगी

राजस्थान पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने स्मार्टफोन में निजी और संवेदनशील जानकारी सुरक्षित रखने को लेकर आमजन के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर जारी इस सलाह में कहा गया है कि आज स्मार्टफोन केवल संचार का माध्यम नहीं बल्कि बैंकिंग, निजी दस्तावेजों और डिजिटल पहचान का प्रमुख केंद्र बन चुका है। ऐसे में फोन में संवेदनशील जानकारी असुरक्षित तरीके से रखना साइबर ठगी, पहचान चोरी और आर्थिक नुकसान का बड़ा कारण बन सकता है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि हाल के बैंक ऑफ बड़ौदा डेटा लीक और डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों से स्पष्ट है कि साइबर अपराधी लगातार नए तरीके अपना रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार 61 प्रतिशत लोग अपने निजी दस्तावेज, 60 प्रतिशत फोटो-वीडियो, 48 प्रतिशत ऑफिस ई-मेल, 38 प्रतिशत बैंकिंग जानकारी, 37 प्रतिशत एआई चैट हिस्ट्री और 34 प्रतिशत लोग अपने पासवर्ड मोबाइल फोन में ही सेव रखते हैं। भारत में प्रतिदिन 1.3 लाख से अधिक साइबर हमले दर्ज किए जाते हैं, इसलिए थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर नुकसान का कारण बन सकती है। पुलिस के अनुसार साइबर अपराधी मुख्य रूप से पहचान चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग और कॉरपोरेट जासूसी जैसे अपराधों के लिए आधार, पैन, बैंकिंग ऐप, यूपीआई, निजी फोटो-वीडियो और गोपनीय दस्तावेजों को निशाना बनाते हैं। राजस्थान पुलिस ने नागरिकों से सार्वजनिक वाई-फाई पर बैंकिंग कार्य नहीं करने, फोन में स्क्रीन लॉक और स्टोरेज एन्क्रिप्शन सक्रिय रखने, ऐप्स को केवल आवश्यक अनुमति देने, महत्वपूर्ण दस्तावेज और बैंकिंग ऐप्स को सिक्योर फोल्डर में रखने, क्लाउड बैकअप को मजबूत पासवर्ड एवं टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन से सुरक्षित करने तथा केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ही एप्लिकेशन डाउनलोड करने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल, हेल्पलाइन अथवा राजस्थान पुलिस के साइबर हेल्पडेस्क नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं।

मानसून में बच्चों की सेहत पर मंडराया संक्रमण का खतरा : सिंह

निसं

जयपुर (नवयत्न)। मानसून की बारिश जहां भीषण गर्मी से राहत लेकर आई है वहीं बच्चों के स्वास्थ्य के लिए नई चुनौतियां भी लेकर आई है। बारिश के मौसम में बढ़ी नमी, दूषित पानी और स्वच्छता में कमी के कारण बैक्टीरिया एवं वायरस तेजी से सक्रिय हो रहे हैं, जिससे बच्चों में मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। चिकित्सक डॉ महेश सिंह ने चेतावनी दी है कि थोड़ी-सी लापरवाही भी बच्चों के लिए गंभीर बीमारी और कई मामलों में जानलेवा साबित हो सकती है। चिकित्सक डॉ महेश सिंह ने बताया कि मानसून के दौरान वायरल फीवर, टाइफाइड, हेपेटाइटिस-ए, डेंगू और विशेष रूप से डायरिया के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राजधानी के अस्पतालों में मौसमी बीमारियों से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ रही है। अस्पतालों की ओपीडी और आईपीडी में बड़ी संख्या में बच्चे उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में दूषित पानी और संक्रमित भोजन के कारण बैक्टीरिया व वायरस तेजी से पनपते हैं। छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर होने के कारण वे संक्रमण की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। स्कूलों और खेल के मैदानों में बच्चों के आपसी संपर्क से संक्रमण तेजी से फैलता है, जिससे सामूहिक संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

डेंगू और डायरिया सबसे गंभीर

डॉ महेश सिंह ने बताया कि मौसमी बीमारियों में डेंगू और डायरिया सबसे गंभीर हैं। लगातार उल्टी और दस्त के कारण बच्चों के शरीर में पानी और आवश्यक लवणों की कमी तेजी से होने लगती है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर बच्चे की स्थिति गंभीर हो सकती है और शरीर के महत्वपूर्ण अंग प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि तेज बुखार, लगातार दस्त, उल्टी या अत्यधिक सुस्ती जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

बचाव ही सबसे बेहतर उपाय

चिकित्सक सिंह ने अभिभावकों को सलाह दी है कि बच्चों को केवल उबला या शुद्ध पेयजल ही पिलाएं। खुले खाद्य पदार्थ, कटे फल और सड़क किनारे मिलने वाले खाद्य पदार्थों से बच्चों को दूर रखें। मच्छरों से बचाव के लिए घर के आसपास पानी जमा नहीं होने दें, बच्चों को पूरी आस्तीन के कपड़े पहनाएं और व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने की आदत भी संक्रमण से बचाव का प्रभावी उपाय है।

प्रदेश में डायरिया के मामलों में आई कमी

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 की वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में बच्चों में डायरिया के मामलों में कमी दर्ज की गई है। प्रदेश में डायरिया की दर 6.1 प्रतिशत से घटकर 5.8 प्रतिशत हो गई है, जो राष्ट्रीय औसत 7.9 प्रतिशत से कम है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून के दौरान राहत देने वाले इन आंकड़ों के बावजूद सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है क्योंकि मौसम में थोड़ी-सी लापरवाही भी बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है।

एआई आधारित जलवायु निर्णयों पर सीईई डब्ल्यू की मीडिया कार्यशाला आज

निसं

जयपुर (नवयत्न)। ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद की ओर से पांच अगस्त को कॉन्फ्रेंस हॉल कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान लालकोठी जयपुर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित जलवायु निर्णय एवं कार्यों के माध्यम से जलवायु सहनशीलता को सशक्त बनाना विषय पर मीडिया कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन, अनियमित मानसूनए बाढ़ और सूखे जैसी चुनौतियों से निपटने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकों और समाधानों पर चर्चा होगी। परिषद के अनुसार इस वर्ष देश में मानसून के दौरान कहीं बाढ़ तो कहीं वर्षा की कमी जैसी स्थिति देखने को मिली है। जलवायु परिवर्तन और एल-नीनो के प्रभाव से वर्षा का स्वरूप लगातार अनिश्चित होता जा रहा है, जिससे सटीक पूर्वानुमान, अग्रिम योजना और प्रभावी जलवायु अनुकूलन रणनीतियों की आवश्यकता बढ़ गई है। इस कार्यशाला में परिषद के कार्यक्रम प्रमुख श्रवण प्रभु और फेलो वरिष्ठ शोध विशेषज्ञ डॉ विश्वास चितले एल-नीनो के मानसून पर प्रभाव और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों पर विशेषज्ञ प्रस्तुति देंगे। वहीं वरिष्ठ कार्यक्रम प्रमुख डॉ पुष्प बजाज परिषद के क्रेविस जलवायु जोखिम आकलन एवं दृश्य सूचना प्रणाली, नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मंच का प्रदर्शन करेंगे। यह मंच जलवायु संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण, जोखिम मूल्यांकन और भविष्य के जलवायु पूर्वानुमान में उपयोगी है।

सड़क पर कचरा फेंकना पड़ा महंगा, निगम ने कंपनी पर लगाया 11 हजार का जुर्माना

निसं

जयपुर (नवयत्न)। नगर निगम ग्रेटर ने सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ सख्ती बरतते हुए कार्रवाई की है। वैशाली नगर जोन क्षेत्र में सड़क पर कचरा डालने के मामले में एक निजी कंपनी पर 11 हजार रुपए का जुर्माना लगाकर मौके पर ही वसूला गया। वैशाली नगर जोन उपायुक्त पवन कुमार शर्मा ने बताया कि वार्ड संख्या 30 में 200 फीट बाइपास स्थित नंद विहार कॉलोनी गेट नंबर-1 के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा सड़क पर कचरा डालने की सूचना मिली थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वैशाली नगर

जोन के उपायुक्त पवन कुमार शर्मा ने जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर निगम के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक समीर सक्सेना के अनुसार इसके बाद वार्ड 29 एवं 30 के स्वास्थ्य निरीक्षक अशोक कुमार और विजय कसौटिया ने संयुक्त जांच की। जांच में सामने आया कि सड़क पर कचरा वेल ट्रेड कंपनी की ओर से डाला गया था। कंपनी का कार्यालय प्लॉट नंबर 199, गली नंबर-4, तीजा नगर, पांच्यावाला स्थित पाया गया। इसके बाद निगम की टीम कंपनी कार्यालय पहुंची और प्रतिनिधियों को भविष्य में सार्वजनिक स्थानों एवं सड़कों पर कचरा नहीं डालने तथा नगर निगम के स्वच्छता नियमों की पालना करने के निर्देश दिए। नियमों के उल्लंघन पर कंपनी पर 11 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया, जिसे मौके पर ही वसूल कर लिया गया। साथ ही भविष्य में दोबारा ऐसी लापरवाही नहीं करने की चेतावनी भी दी गई। उन्होने बताया कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों और व्यावसायिक संस्थानों से भी अपील की कि वे निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें और स्वच्छ जयपुर अभियान में सहयोग करें।

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बैठक आयोजित

निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। खेतड़ी के उपखंड कार्यालय में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर उपखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम सुनील कुमार चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में समारोह की तैयारियों को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। एसडीएम सुनील कुमार चौहान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि खेतड़ी कस्बे के ऐतिहासिक पोलोग्राउंड खेल मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन उत्साह पूर्वक किया जाएगा। 15 अगस्त को होने वाले आयोजन को लेकर विभागों के अधिकारियों से समारोह को भव्य रूप से मनाने को लेकर चर्चा की गई है।

उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश के लिए महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन को त्योहार के रूप में मनाया जाता है। इसे और भी ऐतिहासिक बनाने को लेकर उपखंड स्तर के अधिकारियों की राय जानी गई। इस दौरान समारोह में पेयजल, चिकित्सा व अन्य सुविधाओं को मुहैया करवाने को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसडीएम ने खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एम्बुलेंस, डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ की टीम समारोह स्थल पर तैनात करने, नगर पालिका को समारोह के लिए खेल मैदान की साफ सफाई करवा कर सुविधाएं उपलब्ध करवाने व सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस दौरान उपखंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। वहीं स्कूली बच्चों की ओर से देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले समारोह को लेकर सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्ण तैयारियां करने के लिए निर्देशित किया गया है।

इस दौरान समारोह को लेकर किसी प्रकार की कोताही बरतने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान बैठक में तहसीलदार सुभाष कुलहरी, डीएसपी राजेंद्र बुरड़क, बीसीएमओ डॉ हरीश यादव, पालिका ईओ नागरमल गुर्जर, सीबीईओ अनुकंपा अरडावतिया, जलदाय एईएन जयंत कुमार, बीडीओ महेंद्र सिंह, सज्जन कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान के तहत होगा रज कलश वंदन समारोह : बैरवा

निसं

जयपुर (नवयत्न)। भारतीय जनता पार्टी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक राष्ट्रव्यापी गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान शुरू किया है। उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य संत रविदास के समरसता, सेवा, सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 31 अगस्त तक संत संपर्क अभियान, 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक समरसता यात्रा तथा 26 नवंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक छात्रावास संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इन कार्यक्रमों में युवाओं के साथ विकसित भारत-2047 के संकल्प और सामाजिक समरसता पर संवाद होगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सैनी ने बताया कि 5 अगस्त को सुबह 10:30 बजे सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय पवित्र रज कलश वंदन समारोह आयोजित होगा। वाराणसी स्थित गुरु रविदास की जन्मस्थली से लाई गई पवित्र रज का पूजन कर इसे प्रदेश के 25 लोकसभा और 200 विधानसभा क्षेत्रों में वितरित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और दिया कुमारी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में 251 संत-महात्माओं का सम्मान भी किया जाएगा।

देशी कट्टा के साथ आरोपी गिरफ्तार

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। गश्त के दौरान रतनगढ़ पुलिस ने सोमवार की देर रात एक युवक के पास से देशी कट्टा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि एएसआई रामकुमार, हैड कांस्टेबल शैलेन्द्र एवं कांस्टेबल बृजलाल गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर जयपुर पुलिया के नीचे रेलवे लाइनों के पास पहुंचे तो एक युवक खड़ा हुआ था, जिसकी तलाशी ली तो उसके पास देशी कट्टा व एक कारतूस बरामद हुआ। युवक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम करतारसिंह पुत्र पृथ्वीसिंह निवासी जांदवा बताया। पुलिस ने युवक के पास से कट्टा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नियमितीकरण और न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर रसोइया-चौकीदारों ने किया विरोध प्रदर्शन

निसं

जयपुर (नवयत्न)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत कार्यरत रसोइया और चौकीदारों ने मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विभाग के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदेशभर से आए कर्मचारियों ने नियमितीकरण, न्यूनतम वेतन और सेवा सुरक्षा की मांग उठाते हुए विभाग के निदेशक को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष सीताराम धाभाई ने बताया कि इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने मांग की कि रसोईया और चौकीदारों के स्थान पर अन्य सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की जाए। साथ ही न्यायालय के निर्देशानुसार सभी कर्मचारियों को 17 हजार 700 रुपए न्यूनतम वेतन देने की मांग भी की गई। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विभाग के निदेशक ललित कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान निदेशक ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि किसी भी कर्मचारी को सेवा से नहीं हटाया जाएगा तथा अन्य लंबित मांगों पर भी सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग की ओर से मिले आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने अपना धरना-प्रदर्शन फिलहाल स्थगित कर दिया।

शिक्षा में नवाचार को मिलेगा मंच : जिफ ने शुरू की राष्ट्रीय फिल्म प्रतियोगिता

निसं

जयपुर (नवयत्न)। शिक्षा व्यवस्था में नवाचार और सुधार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ने राष्ट्रीय शिक्षा पहल के तहत 2-7 मिनट मूवी मेकिंग प्रतियोगिता 2026 के दूसरे संस्करण के दूसरे चरण की घोषणा की है। प्रतियोगिता का विषय भारत में शिक्षा- चुनौतियां एवं समाधान रखा गया है, जिसका संदेश मेरी शिक्षा, मेरा भविष्य - जनता और सरकार साथ-साथ है। प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षा से जुड़े वास्तविक मुद्दों, नई शिक्षा नीति, कौशल विकास, डिजिटल लर्निंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, समावेशी शिक्षा और भविष्य की शिक्षा व्यवस्था जैसे विषयों पर रचनात्मक लघु फिल्मों के माध्यम से सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना है। यह प्रतियोगिता स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक, सरकारी विभाग, गैर-सरकारी संगठन तथा आम नागरिकों के लिए खुली है।

प्रतिभागी 2 से 7 मिनट की फिक्शन, डॉक्यूमेंट्री, एनीमेशन, एक्सपेरिमेंटल या मोबाइल फिल्म भेज सकते हैं। प्रत्येक टीम में 2 से 10 सदस्य शामिल हो सकते हैं और आयु की कोई सीमा नहीं रखी गई है। फिल्में किसी भी भारतीय या अंतर्राष्ट्रीय भाषा में भेजी जा सकती हैं।

फिल्में जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2026 है जबकि परिणाम 10 जनवरी 2027 को घोषित किए जाएंगे। प्रति फिल्म 1 हजार 500 पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में 1 लाख तक के नकद पुरस्कार, विजेता प्रमाण-पत्र, विशेष ज्यूरी अवार्ड, ऑडियंस चॉइस अवार्ड और आधिकारिक चयन प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। चयनित फिल्मों का प्रदर्शन 8 से 12 जनवरी 2027 तक आयोजित होने वाले जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ-2027) में किया जाएगा।

प्रतिभागियों को फिल्मकारों, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद एवं नेटवर्किंग का अवसर भी मिलेगा। जिफ के संस्थापक एवं निदेशक हनु रोज ने कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं को शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए अपने रचनात्मक विचार फिल्म के माध्यम से देश के सामने रखने का मंच प्रदान करेगी। उनका कहना है कि इसका उद्देश्य सरकार, समाज और युवाओं के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित कर शिक्षा को अधिक समावेशी, नवाचारी और भविष्य के अनुरूप बनाना है।

जयपुर निगम चुनाव पूरी ताकत और दमखम से लड़ेगी आम आदमी पार्टी

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आम आदमी पार्टी (आप) ने राजस्थान में होने वाले आगामी नगर निगम चुनाव पूरी ताकत और संगठनात्मक मजबूती के साथ लड़ने की घोषणा की है। पार्टी की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कीर्ति पाठक ने मंगलवार को जयपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं बल्कि नगर निगमों में ईमानदार, पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रत्येक वार्ड में स्थानीय समस्याओं, जनसुविधाओं और विकास के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी तथा स्वच्छ छवि और जनता के बीच सक्रिय उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारेगी। इसके लिए प्रदेशभर में संगठन को वार्ड स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी की नीतियों और कार्यों को जनता तक पहुंचाने तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर जयपुर जिला अध्यक्ष अमित दाधीच ने कहा कि जयपुर सहित पूरे प्रदेश में संगठन चुनावी तैयारियों में जुट चुका है। प्रत्येक वार्ड और बूथ स्तर पर संगठन का विस्तार किया जा रहा है तथा जनसमस्याओं के समाधान को लेकर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी जनता के विश्वास, ईमानदार, राजनीति और विकास के एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। नगर निगमों में पारदर्शी प्रशासन स्थापित करना, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना तथा सड़क, सफाई, पेयजल, सीवरेज, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना पार्टी की प्राथमिकता रहेगी। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों से बूथ एवं वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत करते हुए आगामी नगर निगम चुनाव में पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया।

जिला भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित

भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

निसं

चूरू (नवयत्न)। निकाय चुनाव की रणभेरी बजने के बाद से भाजपा और कांग्रेस दोनों संगठनात्मक स्तर पर तैयारीयों में जूट गए है और इसी की कड़ी में चूरू में नगर निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कार्यकर्ता से ही पार्टी में सम्पूर्णता आती है। चूरू में कार्यकर्ता तेरा मेरा नहीं करता बल्कि हमारी बात करता है। उन्होने कहा कि चूरू को मरूस्थलीय जिला घोषित कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चूरू को एक ऐसी सौगात दी है जिससे यहां विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। उन्होने कहा कि राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री भैरूसिंह शेखावत, वंसुधरा राजे सिंधिया ने जो विकास यात्रा प्रारंभ की है उसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार परवान चढ़ा रही है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने पंचायतों को मजबूत किया है, कड़ी से कड़ी जोड़ना इस चुनाव की विशेषता होनी चाहिए, जिससे विकास नीचे तक पहुंचे। उन्होने कहा कि आज राजस्थान की सरकार में 30 लाख से अधिक महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा एक मात्र पार्टी है जहां प्रत्येक कार्यकर्ता को मान सम्मान मिलता है परन्तु संगठन सर्वोपरी है और संगठन के आदेश का पालन करना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है।

जिताऊ और टिकाऊ उम्मीदवार होना चाहिए

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि यह चुनाव हम सब कार्यकर्ताओं के लिए संगठन के आधार पर महत्वपूर्ण चुनाव है और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इन चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जिस जिले में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ जैसा नेता हो वहां संगठन स्वत: ही मजबूत होता है और इस संगठन का लाभ आगामी चुनाव में मिलेगा। उन्होने कहा कि हम सबको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हम जिताऊ एवम् टिकाऊ उम्मीदवार के लिए प्रयास करे। वही जिस कार्यकर्ता को पार्टी का टिकट मिल जाए उसके साथ तन-मन-धन से जुटकर विजय दिलाए। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा प्रत्येक मण्डल से लेकर जिला बूथ पर संयोजकों की नियुक्ति की जाएगी। जिससे चुनाव की तैयारियां की जाएगी। उन्होने कहा कि चूरू जिला अब पानी देने वाला है यमुना जल समझोते एवम् मरूस्थलीय जिला घोषित होने से यहां विकास की नदीयां बहेगी। बैठक में पूर्व सासंद राजेन्द्र गहलोत, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, जीवजन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवन्त बिश्नोई, विधायक हरलाल सहारण मौजूद रहे।

उपचुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया

भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ ने उपचुनाव के नतीजो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा उपचुनाव का परिणाम देश का परिणाम नहीं होता, नतीजे जो भी आए है सूबे के नेता बैठकर इस पर मंथन करेंगे।

एसडीएम ने किया पीएचसी का निरीक्षण

अबूबकर बल्खी

लाडनूं (नवयत्न)। उपखण्ड अधिकारी ममता लहुआ ने मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जसवंतगढ़ का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने हाल ही में पीएचसी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत होने के उपरांत प्रस्तावित भवन निर्माण के लिए चिह्नित भूमि एवं निर्माण संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उपस्थित ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शक्ति सिंह शेखावत से प्रस्तावित सीएचसी भवन के लिए चिह्नित स्थल, आवश्यक स्वीकृतियों, निर्माण प्रक्रिया तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, औषधियों की उपलब्धता, साफ-सफाई एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का भी अवलोकन किया तथा चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। तहसील परिसर, लाडनूं में हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अधिकाधिक पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर तहसीलदार कुटेन्द्र कँवर तहसील कार्यालय के अधिकारी एंव कर्मचारी उपस्थित रहे।

एडीएम ने किया रणधीसर कैंप का अवलोकन

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। ग्राम पंचायत रणधीसर के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में ग्रामीण सेवा शिविर का फॉलो अप कैम्प का शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा के सानिध्य में आयोजित किया गया। एडीएम संतोष कुमार मीणा ने शिविर का निरीक्षण किया। उपस्थित ग्रामीणो को शिविर में होने वाले कार्यों की जानकारी दी गई एवं विभागवार अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रगति रिपोर्ट ली गई। शिविर प्रभारी ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 5, जन्म प्रमाण पत्र, 2 विवाह प्रमाण पत्र, 5 पट्टा वितरण, 06 जॉब कार्ड, 7 शौचालय आवेदन, 21 प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वे से वंचित अपील प्राप्त की, राजस्व विभाग द्वारा 3 खाता शुद्धिकरण, 5 अंतकाल, 10 फार्मर रजिस्ट्रीकरण एवं 07 हकत्याग के कागजात तैयार किए गए। चिकित्सा विभाग द्वारा 246 लोगों की जांच, 190 टीबी स्क्रीनिंग एवं 210 की एलसीडी जांच की गई। पशुपालन विभाग द्वारा 260 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा 185 लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। शिविर में विकास अधिकारी गणेशाराम जाखड़, तहसीलदार अर्जुनलाल सालोदिया, सहायक विकास अधिकारी ठाकुरमल कताला, ग्राम विकास अधिकारी योगेश गोदारा, शेरा, प्रशासक प्रतिनिधि गिरधारीलाल खेरिया एवं 18 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाबा बर्फानी अमरनाथ का किया भव्य श्रृंगार

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। सावन मास में शहर के पटवों के मोहल्ले स्थित प्राचीन पीपलेश्वर महादेव मंदिर में बाबा बर्फानी अमरनाथ का भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। महाकाल भक्त मंडल के राजू पटवा ने बताया कि यह मंडल की ओर से किया गया 149वां विशेष श्रृंगार था, जिसे नितेश गर्ग ने साकार किया। उन्होंने बताया कि नितेश गर्ग लंबे समय से शहर के विभिन्न धार्मिक आयोजनों में निस्वार्थ भाव से भगवान की भव्य झांकियों का श्रृंगार करते आ रहे हैं। सोमवार देर शाम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर के पट खोले गए, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने परिवार एवं इष्ट मित्रों के साथ बाबा बर्फानी अमरनाथ के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने पहुंचे और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

महाकाल भक्त मंडल के रोहित पटवा ने बताया कि सावन माह के चारों सोमवार को अलग-अलग आकर्षक एवं मनमोहक झांकियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन एवं झांकियों का लाभ लेने का आग्रह किया।

तेज रफ्तार कार ने युवक को कुचला

निसं

जयपुर (नवयत्न)। भांकरोटा थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम तेज रफ्तार एक्सयूवी कार की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब युवक रिंग रोड स्थित एक पंचर की दुकान के बाहर ट्रक का टायर खोल रहा था। बेकाबू कार युवक को कुचलते हुए आगे खड़े ट्रक से जा टकराई। पुलिस ने कार जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एएसआई अनिल शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान चांदपोल स्थित कुरैशी कॉलोनी निवासी शिफान कुरैशी पुत्र सहजाद कुरैशी के रूप में हुई है। जो सोमवार देर शाम भांकरोटा क्षेत्र में रिंग रोड के पास ट्रक का पंचर ठीक करने के लिए टायर खोल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार एक्सयूवी कार बारिश के कारण अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मारती हुई ट्रक से जा भिड़ी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल शिफान को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल कार चालक को प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसे के समय कार तेज गति से चल रही थी। बारिश के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे यह दुर्घटना हुई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि दुर्घटनाग्रस्त एक्सयूवी कार पर ओवरस्पीडिंग के 36 चालान पहले से लंबित थे। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक की लापरवाही और अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

निकाय व पंचायतीराज चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने भरी हुंकार

निसं

तारानगर (नवयत्न)। आगामी नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों को लेकर मंगलवार को तारानगर कस्बे के ओसवाल पंचायत भवन में विधायक नरेंद्र बुडानिया के मुख्य आतिथ्य में कांग्रेस शहर व देहात कार्यकर्ता की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, वार्ड एवं पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने, चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देने व जनसंपर्क अभियान को गति देने पर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर संगठन को सशक्त बनाने तथा सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। विधानसभा प्रभारी रामनिवास बिड़ोदी ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही चुनावी जीत की आधारशिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों एवं विचारधारा को आमजन तक पहुंचाएं और प्रत्येक बूथ पर संगठन को मजबूत बनाएं। मुख्य अतिथि तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया ने कहा कि नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय, अनुशासन और एकजुटता के साथ चुनावी तैयारियों में जुटें तथा कांग्रेस की विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से कार्य करें। बैठक का संचालन जीताराम जांदू ने किया। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने तथा आगामी नगर निकाय तथा पंचायतीराज चुनावों में कांग्रेस की विजय सुनिश्चित करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस मौके पर निवर्तमान प्रधान संजय कस्वां, ब्लॉक अध्यक्ष वेदप्रकाश सहारण, मदनलाल पांडिया, मोहरसिंह ज्याणी, विमला कालवा, नगर अध्यक्ष भागीरथ भामी, हरिसिंह बेनिवाल, मानसिंह सैनी, रोहिताश सैनी, सहदेव भाटी, मुंशी खाँ तेली, कुंदन सैनी, दिनेश खंडेलवाल, बाबू हुसैन कुरैशी, जुगलाल बरवड़, असलम भाटी, मा. प्रताप मेघवाल, पन्नालाल कस्वा, संतलाल नाई, पप्पू गोस्वामी, विनोद व्यास, सुरजीत वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नाथ समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। राजस्थान नाथ समाज जिला शाखा सीकर के जिला महासचिव सोहनलाल योगी गढ़टकनेत से मिली जानकारी के अनुसार 300 मेधावी विद्यार्थियों और 50 नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों को किया सम्मानित गया। खाटूश्यामजी के नजदीकी अलोदा स्थित श्री मिश्राईनाथ आश्रम में राजस्थान नाथ समाज जिला शाखा सीकर के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में समाज के 300 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा 50 नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों को मंच पर सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभाओं को गुरु गोरखनाथ महाराज की प्रतिमा, स्मृति चिह्न, दस्तावेज फाइल एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विजय कुमार योगी हांसपुर की ओर से सभी सम्मानित प्रतिभाओं को 200 की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सत्यम सुरोलिया, जालोर से काननाथ भाटी, अलवर से टेकचंद योगी, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता ईश्वर योगी, नागोर से गुलाब नाथ, डीएनटी आरक्षण संघर्ष समिति के सह-संयोजक कालूराम योगी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गणेशनाथ योगी, जगदीश प्रसाद योगी, भैरूनाथ सहित नाथ समाज जिला शाखा सीकर के कार्यकारिणी सदस्य एवं हजारों की संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष प्रहलाद सहाय योगी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

सीबीएसई वेस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल श्रीमाधोपुर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई वेस्ट जोन जूडो चैम्पियनशिप 2026, गुजरात पब्लिक स्कूल, छानी, वडोदरा, गुजरात में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न भार वर्गों में पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। शारीरिक शिक्षक रामेश्वर सिंह ने बताया शुभम सामोता अंडर 17, 90 किग्रा ने स्वर्ण पदक, चंदू सैनी अंडर 17, 50 किग्रा ने कांस्य पदक, यश चौहान अंडर 17, 40 किग्रा ने कांस्य पदक जीता। बच्चों के इस सफलता पर विद्यालय सचिव उषा खर्रा व प्राचार्य आनंद बबेरवाल ने खुशी व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

यूजीसी नियमों पर करणी सेना का सरकार को सात दिन का अल्टीमेटम

निसं

जयपुर (नवयत्न)। यूजीसी के प्रस्तावित नियमों को वापस लेने की मांग को लेकर निकाली गई सवर्ण न्याय यात्रा के दौरान जयपुर में हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर श्री राजपूत करणी सेना ने राज्य सरकार को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने कहा कि निर्धारित अवधि में मांगें नहीं मानी गई तो मुख्यमंत्री आवास का घेराव, राजस्थान बंद और निकाय व पंचायत चुनावों में भाजपा के खिलाफ जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। मकराना ने आरोप लगाया कि संगठन ने 24 दिनों में करीब 800 किलोमीटर की पदयात्रा कर 50-60 कस्बों में यूजीसी नियमों के विरोध में जनजागरण किया। जयपुर में प्रशासन से सहमति के बावजूद कालवाड़ पुलिया के पास प्रदर्शनकारियों पर बिना चेतावनी वाटर कैनन और लाठीचार्ज किया गया, जिसमें महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों पर भी बल प्रयोग हुआ। उन्होंने दावा किया कि वाटर कैनन की चपेट में आने से घायल हुए देवराज सिंह पलाड़ा की बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई। करणी सेना ने एडिशनल एसपी बजरंग सिंह, डीवाईएसपी बीएल मीणा और एसएचओ गुरु भूपेंद्र को निलंबित करने, घटना की निष्पक्ष जांच कराने तथा मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की है। मकराना ने सरकार के साथ विपक्ष पर भी उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। इसके तहत राजस्थान सहित मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और हिमाचल प्रदेश में पदयात्राएं निकाली जाएगी तथा बाद में दिल्ली कूच कर केंद्र सरकार के समक्ष भी मांगें रखी जाएगी।

सूरजगढ़ के विकास को मिली रफ्तार : डीएमएफटी के तहत 5.65 करोड़ के कार्यों की वित्तीय स्वीकृति जारी

कृष्ण कुमार गांधी

सूरजगढ़ (नवयत्न)। सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और लंबे समय से चली आ रही मूलभूत समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु विधायक श्रवण कुमार के विशेष प्रयासों से 5.65 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। विधायक द्वारा क्षेत्र की समस्याओं को जिला खनिज प्रतिष्ठान ट्रस्ट एवं राज्य सरकार के समक्ष मजबूती से उठाने के बाद यह स्वीकृति जारी हुई है।

3.62 करोड़ से दूर होगी पीने के पानी की किल्लत

सूरजगढ़ के ग्रामीण अंचलों में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाना

विधायक की प्राथमिकताओं में रहा है।

इस स्वीकृति के तहत क्षेत्र के दर्जनों गांवों लोटिया, भुडनपुरा, कासनी, धिंगड़िया, किढवाना, हीरवा, कलगांव, झांझा, झारोड़ा, पचेरी कलां, भैसावता कलां, डांगर, ढाणा, ढांढोत, सैदपुर, राजपुरा, पुहानियां, बडसरी का बास, गुंती, नरात, ईश्कपुरा, सांतड़िया सहित अन्य ढाणियों में नए नलकूप निर्माण, सूखे ट्यूबवेल के स्थान पर नए सोर्स बनाने, विद्युत कनेक्शन एवं पाइपलाइन बिछाने के कार्यों के लिए 3.62 करोड़ की मंजूरी दी गई है।

विधायक श्रवण कुमार ने कहारू

सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र का विकास और यहाँ के प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान करना ही मेरा मुख्य ध्येय है। पानी, सड़क और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता को परेशान न होना पड़े इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इन स्वीकृतियों से क्षेत्र के दर्जनों गांवों को सीधा लाभ मिलेगा और विकास कार्यों को तीव्र गति से गुणवत्ता के साथ पूरा करवाया जाएगा।

सड़क और सीवरेज नेटवर्क का होगा विस्तार

आवागमन को बेहतर बनाने के लिए जाखोट से राठियों की ढाणी 2 किमी सड़क निर्माण हेतु 50 लाख तथा जाखोट से लोटिया रोड 3 किमी सड़क निर्माण के लिए 75 लाख की लागत से काम करवाया जाएगा। वहीं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए भैसावता कलां, मुरादपुर और सिंघाना में गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज लाइन हेतु 27.90 लाख स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के तहत सिंघाना/सूरजगढ़ क्षेत्र में नमो वन स्थापना हेतु 50 लाख की राशि स्वीकृत हुई है।

महिला एवं बाल विकास विभाग का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

निसं

तारानगर (नवयत्न)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखरेख एवं डिजिटल हस्तक्षेप द्वारा शिक्षा नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को सेक्टर तारानगर सिटी में एक दिवसीय आंगनबाड़ी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण महिला पर्यवेक्षक सुनीता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को खेल आधारित शिक्षण गतिविधियों के महत्व, सामाजिक भावनात्मक कौशलों की भूमिका, सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण, समावेशी वातावरण एवं दिव्यांग जाँच सूची आदि को विशेष गतिविधियों सहित समझाया गया। कार्यक्रम में रॉकेट लर्निंग संस्था का सहयोग उल्लेखनीय रहा, जिससे नवाचार और सहभागिता की स्पष्ट झलक देखने को मिली। जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा के द्वारा महिला सुपर वाइजर सुनीता के नेतृत्व में सत्रों का संचालन किया गया जिसमें 27 कार्यकर्त्ता उपस्थित रही। टीएलएम उपयोग और रोलप्ले जैसी गतिविधियों ने शिक्षण को जीवंत और रोचक बनाया। प्रशिक्षण सामग्री की प्रस्तुति सरल एवं व्यावहारिक रही, साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं में दिए गए उदाहरणों ने समझ को और भी सशक्त बनाया। समापन सत्र में प्रतिभागियों के साथ समूह चित्रलिया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और सहभागिता को सम्मान मिला। कार्यक्रम के अंत में अनौपचारिक रूप से नवीन सत्र और परेंट्स एडिसन पर चर्चा रही।

सम्पादकीय

उपचुनाव नतीजों का संदेश

तीन राज्यों की तीन विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में से दो में भाजपा की हार यह संदेश देने वाली है कि उसकी चुनौतियां बढ़ भी सकती हैं। इनमें से बिहार की बांकीपुर सीट के परिणाम ने इसलिए सबसे अधिक ध्यान खींचा, क्योंकि 1995 से यह भाजपा के पास थी। इसके अलावा यह भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा जाने से रिक्त हुई थी। भाजपा केवल अपने अध्यक्ष की सीट बचाने में ही नाकाम नहीं, बल्कि उसे पराजय का स्वाद बिहार में भाजपा के मुख्यमंत्री रहते हुए चखना पड़ा।

चूंकि मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट कांग्रेस के पास थी और यह क्षेत्र उसका ही गढ़ है, इसलिए भाजपा यहां अपनी पराजय को हल्के में ले सकती है। इसके बाद भी वह इसकी अनदेखी नहीं कर सकती कि आम तौर पर उपचुनावों में सत्ताधारी दल जीत हासिल करते हैं, जैसे गुजरात की मांजलपुर सीट भाजपा ने आसानी से जीत ली। निःसंदेह उपचुनाव नतीजों के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि वे सदैव किसी बड़ी लहर का सूचक होते हैं।

इतना अवश्य है कि कई बार वे बदलते राजनीतिक माहौल का परिचायक बन जाते हैं। यह समय बताएगा कि बांकीपुर और दतिया के नतीजे भाजपा के लिए स्थायी झटका हैं या अस्थायी, क्योंकि एक समय वह उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ और केशव प्रसाद मौर्य की ओर से छोड़ी गईं लोकसभा सीटें हार गई थी।

बांकीपुर से जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर का चुनाव जीतना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक तो वे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर सवाल उठा रहे थे और दूसरे, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सीधे तौर पर चुनौती दे रहे थे। यह भी उल्लेखनीय है कि वे मुख्य विपक्षी दल राजद को तीसरे स्थान पर धकेलने में सफल रहे। स्पष्ट है कि बांकीपुर का नतीजा राजद के लिए भी चिंता का कारण बनना चाहिए। कहना कठिन है कि बांकीपुर से जीत हासिल कर पहली बार विधायक बने प्रशांत किशोर बिहार में तीसरी राजनीतिक शक्ति खड़ी कर पाएंगे या नहीं, लेकिन उनकी जीत कहीं न कहीं जनता के असंतोष को बयान करती है। इस असंतोष के कारणों में राज्य के साथ केंद्र सरकार की रीति-नीति भी हो सकती है और स्थानीय समीकरण भी। यह ध्यान रहे कि उपचुनाव एक ऐसे माहौल में हुए, जब नीट पेपर लीक को लेकर युवाओं के आक्रोश को भुनाया जा रहा था। इसके पहले उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने वाले यूजीसी के नियमों ने सामान्य वर्ग के लोगों को नाराज किया था। इसके अतिरिक्त बिहार में भरत तिवारी एनकाउंटर जैसे मामले भी चर्चा में थे। यह भी न भूला जाए कि बांकीपुर से भाजपा ने अपना प्रत्याशी बदलकर अपने लिए मुसीबतें बढ़ाईं। दतिया में भी उसने पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्र को हाशिए पर किया।

जिहादियों को आतंकी समझने की भूल

पिछले साल अप्रैल में जिहादियों द्वारा पहलगाम में पर्यटकों से उनका मजहब पूछकर उनकी हत्या करने के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई की थी। उन जिहादियों में पाकिस्तानियों के साथ हिंदुस्तानी भी थे। इनका क्या हुआ, पता नहीं चला। बीते दिनों कश्मीर के कुलगाम में पहलगाम की तरह मजहब पूछकर दो हिंदू मजदूरों की हत्या कर दी गई। अब भारतीय नेता क्या करेंगे? क्या पुनः पाकिस्तान पर हमला करेंगे, यदि जिहादी पाकिस्तानी निकले? यदि वे भारतीय हुए, तब क्या सामान्य पुलिस कार्रवाई होगी? यह प्रश्न पिछले साल भी अनुत्तरित रहा था। इसके फलस्वरूप पुनः वैसी हत्याएं हुईं। उन हत्याओं का मूल कारण जिहाद का मतवाद था। उसे कुछ न कहने से ही वह यथावत रहता है। उस मतवाद पर कोई चोट नहीं की जाती। जिहाद की सभी गतिविधियों पर प्रतिक्रिया में यही बुनियादी भूल रही है।

भारतीय नेताओं ने असली समस्या से नजर बचाकर जिहादी मनोवृत्ति को यथावत छोड़ दिया है। कभी निष्पक्ष चुनाव, कभी कश्मीरियत, कभी हीलिंग टच, कभी विकास आदि की गौण बातें करते चार दशक हो गए, किंतु कश्मीर में इक्के-दुक्के बचे हिंदुओं का भी सफाया होना बंद नहीं हुआ। क्यों? इस पर भारतीय नेताओं ने कभी खुलकर ईमानदारी से विचार नहीं किया। यदि किया होता तो अब तक जिहाद को ठंडा या निर्बल किया जा सकता था। इसकी उपेक्षा इसलिए भी विचित्र है कि वैसी हत्याएं करने वाले खुलकर अपना जिहाद उद्देश्य बताते रहे हैं, फिर भी उसे अनदेखा किया जाता है, जिससे उनका अपने मतवाद पर अंधविश्वास बना रहता है। जिन्हें जिहादी के बदले आतंकी कहा गया, उनके हिंदुस्तानी ठिकानों पर क्या हो?

इस पर हिंदू नेता सदा से दिग्भ्रमित रहे हैं। वे सदैव विदेशियों को ही दोष देते हैं, ताकि अंदरूनी जिहाद से आंख न मिलानी पड़े। इसका सामना पुलिस या फौज नहीं, अपितु साफ नजर और मनोबल को करना है। इसके अभाव में ही गत दशकों में कश्मीर में हिंदुओं का सामूहिक संहार करने, उन्हें आरे से चीर देने वाले क्षेत्रों पर उलटी कार्रवाई हुई। उन्हें तो जैसे भारी पुरस्कार मिले। कभी कहा गया कि उस क्षेत्र का विकास करना है और कभी यह कि आतंक छोड़ने वालों को रोजगार देना है। तदनुसार राष्ट्रीय कोष से उसी क्षेत्र को सालाना विशेष सौगातें दी गईं, जहां से चुन-चुन कर लाखों हिंदुओं को मार भगाया गया। यानी उन ठिकानों जहां वैसे जिहादी हत्यारे और उनके सहयोगी रहते हैं, जिन्होंने अपने मोहल्ले, शहर और गांव से हिंदुओं को चुन-चुन कर उजाड़ दिया और उनकी संपत्ति, खेत, घर, दुकान हड़प लिए, उन्हें ही थोक भाव विकास का स्पेशल पैकेज मिलता रहा। क्या यह सब आतंकी ठिकानों को पुरस्कार नहीं है?

अंग्रेज शासक उलटा करते थे। जिस क्षेत्र में बार-बार गर्हित अपराध हो रहे हों, उन पर वे सामूहिक जुर्माना लगाते थे, ताकि पूरे क्षेत्र के लोगों की चिंता उन अपराधों

को रोकने में हो। उस नीति का सही परिणाम भी आता था। इसलिए भी पूरे ब्रिटिश शासन काल में जिहाद ने सिर नहीं उठाया, लेकिन हमारे शासकों ने उलटे उन्हीं क्षेत्रों को विशेष सुविधा, अनुदान आदि देने की नीति बनाई, जहां हिंसा, अलगाव तथा दूसरे समुदाय पर उत्पीड़न आदि होता हो। बंगाल, कश्मीर, केरल, असम आदि अनगिन जगहों पर हिंदुओं को पहचान-पहचान कर मारने या अपमानित करने वाली घटनाओं पर पहली कार्रवाई यह होती है कि मामले की लीपापोती की जाए। फिर जैसे-तैसे कुछ कार्रवाई। नतीजतन भारत के अनेक इलाकों में घर, मोहल्ले, गांव हिंदुओं से धीरे-धीरे खाली होते जाते हैं। यह सिलसिला दशकों से जारी है। हर आकलन इसकी पुष्टि करेगा कि ब्रिटिश राज में हिंदू अधिक सुरक्षित थे।

ऑपरेशन सिंदूर में यह भी नहीं देखा गया कि अमेरिका-यूरोप तो वैसे सैकड़ों विदेशी आतंकी ठिकानों पर सैकड़ों बार, लाखों बम बरसा चुके हैं। पाकिस्तान पर ही अमेरिका ने सैकड़ों ड्रोन हमले किए, ठीक आतंकियों को ठिकाने लगाने के नाम पर। इसका परिणाम क्या निकला? एक हिंदुस्तानी मौलाना ने दिल्ली में ही फख्र से कहा था: एक ओसामा मरेगा, तो सौ पैदा होंगे। उन मौलाना ने सही कहा था। ओसामा के बाद भी कश्मीर से केरल तक छोटे-छोटे ओसामाओं ने काफिरों को खत्म किया है। परिणाम भी वही होता रहा, जो वे चाहते हैं। वे हजारों जिहादी मरवा कर भी एक छोटी बस्ती अपने मतवाद के कब्जे में लेना फायदे का सौदा समझते हैं। इसी कीमत पर उन्होंने दुनिया भर में सैकड़ों छोटे-बड़े स्थानों को काफिरों से खाली कराया है, जैसे कश्मीर को कराया। अपनी बड़ी जनसंख्या, फौज, धन और भरपूर विकास के बावजूद हिंदू असहाय है।

वह जिहादियों के नजरिये से मामले को समझने में असमर्थ है। उसके नेता विकास से, टेररिम को टूरिम से खत्म करने का प्रचार करते हैं, पर नतीजा वही ढाक के तीन पात। मिसाइलों, बमों से ऐसे आतंकी खत्म नहीं होते, क्योंकि वे जिहादी हैं।

दुनिया को काफिरों से खाली कराने के विचार से भरे मतांध मिशनरी। उन्हें आतंकी कहना अपने को भ्रमित करना है। जिहाद एक विचार है और विचार तोपों से खत्म नहीं होते। उस विचार का पालन दर्जनों तरह के शांतिपूर्ण तरीकों से भी होता रहा है। आतंक फैलाकर भी और बेवकूफ बनाकर भी। दोनों का उद्देश्य और नतीजा काफिरों का खात्मा या उन्हें छल-बल से अपने पंथ में मिलाना रहा है। जिहाद की नजर नतीजे पर है। तरीके पर नहीं।

बुद्धिजीवी उसे पहचानने से भी इनकार करते हैं। वे जिहाद को आतंक कहते हैं। इस तरह रोग को गलत नाम देकर गलत इलाज करते हैं। नतीजतन रोग लाइलाज बना रहता है। वे जिहाद को विचारणीय विषय ही नहीं मानते। इसीलिए गैर-मुस्लिम और खासकर हिंदू जिहाद नहीं देखते, उस पर नहीं बोलते और उसका अर्थ नहीं समझते। वे आतंक देखते हैं, जिहाद नहीं। इसीलिए जिहाद सहजता से इंच-इंच बढ़ रहा है। प्रायः शांतिपूर्वक और काफिरों के सहयोग से, क्योंकि काफिर एक विचार को तोप या रिश्वत से खत्म करना चाहता है। इसी कारण जिहाद सैकड़ों छोटी-बड़ी बस्तियां निःशब्द रूप से क्रमशः अपने कब्जे में ले रहा है।

पीओके की पुकार और दुनिया की जिम्मेदारी

किस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में इन दिनों जो परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं, वे केवल एक चुनावी प्रक्रिया की कहानी नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र, मानवाधिकार और जनविश्वास के गहरे संकट की दास्तान हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की वास्तविक शक्ति निष्पक्ष चुनाव, नागरिक स्वतंत्रता और शासन की जवाबदेही में निहित होती है, लेकिन जब चुनाव भय, हिंसा, प्रशासनिक दबाव और धांधली के आरोपों से घिर जाएँ, तब लोकतंत्र का स्वरूप विकृत हो जाता है। आज पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की स्थिति इसी कठोर वास्तविकता की ओर संकेत करती है। वहाँ के लोगों का आक्रोश केवल चुनावी अनियमितताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्षों से चली आ रही आर्थिक उपेक्षा, राजनीतिक भेदभाव और नागरिक अधिकारों की अनदेखी के विरुद्ध भी है। यही कारण है कि वहाँ का असंतोष अब स्थानीय मुद्दा न रहकर अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय बनता जा रहा है। लोकतंत्र केवल मतपेटियों तक सीमित नहीं होता। लोकतंत्र का अर्थ है कि प्रत्येक नागरिक बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के अपनी इच्छा व्यक्त कर सके और उसकी अभिव्यक्ति का सम्मान हो। यदि किसी क्षेत्र में चुनाव पहले से तय परिणामों का माध्यम बन जाएँ, यदि सत्ता का पूरा तंत्र एक दल विशेष के पक्ष में खड़ा दिखाई दे, यदि विरोध की आवाज को बलपूर्वक दबाया जाए और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो, तो उसे लोकतंत्र नहीं कहा जा सकता।

समृद्ध संस्कृति, इतिहास और पर्यटन स्थलों से भरा हुआ है चेन्नई शहर

चेन्नई को हिन्द महासागर के किनारे स्थित होने के कारण गोल्डन सिटी ऑफ साउथ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। चेन्नई भारत के मुख्य अर्थव्यवस्था केंद्रों में से एक है और उच्च शिक्षा, प्रौद्योगिकी और संस्कृति के क्षेत्र में भी इस शहर का एक महत्वपूर्ण स्थान है। चेन्नई में दक्षिण भारत की संस्कृति और विरासत को दर्शाने वाले कई मंदिर भी हैं। यह शहर समृद्ध संस्कृति, इतिहास और पर्यटन स्थलों से भरा हुआ है।

मरीना बीच

चेन्नई का मरीना बीच दक्षिण भारत का सबसे बड़ा बीच है। इसे स्पेनिश भूखण्ड के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बीच भी कहा जाता है। इस बीच का आकर्षण उसकी सुंदरता है, जहाँ आप समुद्र तट से खुली हवा में साँस लेने का मजा ले सकते हैं। यहाँ पर लोग सैर, मछलियों का शिकार और विश्राम करते हैं।

कपिलेश्वर मंदिर

चेन्नई का कपिलेश्वर मंदिर उत्तर भारत के भव्यतम मंदिरों में से एक है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इसकी स्थापना आदि शंकराचार्य द्वारा की गई थी। इस मंदिर की बनावट अद्भुत है।

अन्य पर्यटन स्थल

चेन्नई के अन्य पर्यटन स्थलों में मद्रास विश्वविद्यालय, चेपॉक महल, मत्स्य पालन केन्द्र, पार्थसारथी का मंदिर, अजायबघर और चिड़ियाघर और सेंट जॉर्ज फोर्ट प्रमुख हैं। यह किला अंग्रेजों के जमाने में ईस्ट इंडिया कंपनी का व्यापारिक केंद्र था। इसमें पुरानी सैनिक छावनी, अधिकारियों के मकान, सेंट मेरी गिरजाघर और रॉबर्ट क्लाइव का घर है। सेंट मेरी गिरजाघर को अंग्रेजों द्वारा भारत में बनवाया गया सबसे पुराना चर्च माना जाता है।

स्नेक पार्क

चेन्नई का स्नेक पार्क भी पर्यटकों को प्रभावित करता है। यह पाँच सौ से भी ज्यादा खतरनाक भारतीय साँपों का जीवित संग्रहालय कहा जा सकता है। रेंगते हुए ये सांप भय मिश्रित रोमांच पैदा करते हैं। यहाँ पर साँपों के अलावा सरीसृप वर्ग के अन्य जीव जैसे मगरमच्छ, घड़ियाल इत्यादि भी रखे गए हैं।

अन्य प्रमुख मंदिर

दक्षिण भारत के प्रमुख मंदिर भी यहां के दर्शनीय स्थल हैं। उत्तर भारत के मंदिरों से बनावट में एकदम अलग इन मंदिरों की शिल्पकला और भव्यता हर किसी को आकर्षित करती है। खासतौर पर चेन्नई के पार्थसारथी मंदिर के बारे में उल्लेख मिलता है कि इसका निर्माण आठवीं शताब्दी में राजा पल्लव ने करवाया था। इसके अलावा द्रविड़ शिल्पकला का एक और अनूठा उदाहरण मिलापोर स्थित कालीश्वर मंदिर है। यहाँ माता पार्वती की उपासना की गाथा अंकित है।

महिलाओं ने बनवाए थे भारत के ये मशहूर स्मारक, आज ही बनाएं घूमने का प्लान

अपनी संस्कृति और कला के लिए मशहूर भारत आज भी दुनियाभर के लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। विविधताओं से भरे इस देश में अलग-अलग परंपराएं मशहूर हैं। यहां का अपना अलग इतिहास रहा है, जिसकी झलक आज भी यहां मौजूद कई सारी इमारतों और स्मारकों में देखने को मिलता है। भारत पूरी दुनिया में अपनी खूबसूरत और ऐतिहासिक इमारतों के लिए जाना जाता है। यहां कई ऐसी इमारतें हैं, जिनका अपना अलग इतिहास रहा है। भारत में मौजूद ज्यादातर इमारतें या स्मारक ऐसे हैं, जिन्हें पुरुषों द्वारा बनवाया गया है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यहां कुछ ऐसी इमारतें और स्मारक भी हैं, जिनका निर्माण महिलाओं द्वारा करवाया गया है।

हुमायूं का मकबरा, दिल्ली

इस मकबरे का निर्माण 16वीं शताब्दी में दूसरे मुगल बादशाह हुमायूं की पत्नी बेगा बेगम ने करवाया था। इसे भारत में मुगल वास्तुकला के शुरुआती उदाहरणों में से एक माना जाता है और यह यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है।

इत्माद-उद-दौला, आगरा

इस मकबरे का निर्माण 17वीं शताब्दी में नूरजहां ने अपने पिता मिर्जा गियास बेग की याद में करवाया था। ताजमहल से इसकी समानता होने के कारण इसे अक्सर बेबी ताजमहल भी कहा जाता है।

रानी की वाव, पाटन

गुजरात के पाटन शहर में स्थित इस बावड़ी का निर्माण 11वीं शताब्दी में महारानी उदयमती ने करवाया था। यह यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की लिस्ट में भी शामिल है और भारत का सबसे खूबसूरत बावड़ियों में से एक है।

विरुपाक्ष मंदिर, पट्टाडकल

इस मंदिर का निर्माण 8वीं शताब्दी में रानी लोकमहादेवी ने कर्नाटक के पट्टाडकल शहर में करवाया था। यह भगवान शिव को समर्पित है और चालुक्य स्थापत्य शैली के सबसे महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक है। इस मंदिर को लोकमहादेवी ने पल्लवों के खिलाफ अपने पति विक्रमादित्य द्वितीय की जीत के उपलक्ष्य में बनवाया था।

लाल दरवाजा मस्जिद, जौनपुर

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में मौजूद इस ऐतिहासिक मस्जिद को सन 1447 में सुल्तान महमूद शर्की की रानी राजे बीबी ने बनवाया था। यह मस्जिद संत सैय्यद अली दाऊद कुतुबुद्दीन को समर्पित थी। इसकी डिजाइन और शैली 'अटाला मस्जिद' से काफी मिलती-जुलती है।

वीकएंड पर बिताना चाहते हैं मस्तीभरे पल, तो पिकनिक के लिए परफेक्ट हैं दिल्ली की ये जगहें

हर कोई अपने परिवार और दोस्तों के साथ घूमने-फिरने का प्लान बना रहा है। तो अगर आप दिल्ली के रहने वाले हैं और पिकनिक डे पर जाने के लिए कोई अच्छी जगह तलाश रहे हैं।

लोधी गार्डन : सेंट्रल दिल्ली में स्थित, लोधी गार्डन एक ऐतिहासिक पार्क है, जो अपनी हरियाली, लॉन, मकबरों और स्मारकों जैसे वास्तुशिल्प के लिए जाना जाता है। यह पिकनिक और सुकून के पल बिताने के लिए एक परफेक्ट जगह है। यह जगह आपको एक शांत वातावरण प्रदान करता है।

इंडिया गेट लॉन : दिल्ली स्थित, इंडिया गेट के आसपास के लॉन भी पिकनिक के लिए एक बढ़िया जगह साबित होगी। यह दिल्ली का लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट है, जहां कई लोग जाना

पसंद करते हैं। आप यहां हरे-भरे माहौल और प्रतिष्ठित स्मारक के साथ ही यहां के आसपास के नजारों का लुत्फ उठा सकते हैं।

फन एंड फूड विलेज : दिल्ली के कापसहेड़ा में स्थित फन एंड फूड विलेज भी यहां का एक लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट है। आप यहां परिवार और दोस्तों के साथ खूब मजे कर सकते हैं। गर्मियों के मौसम में यह जगह वीकएंड फन के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। आप यहां यहां स्विमिंग के साथ ही कई सारे वॉटर स्पोर्ट्स के मजे ले सकते हैं।

हौज खास कॉम्प्लैक्स : दक्षिण दिल्ली की इस ऐतिहासिक जगह पर आप एक परफेक्ट पिकनिक प्लान कर सकते हैं। यहां मौजूद सुंदर झील, हिरण पार्क और बगीचे आपका मन मोह लेंगे और आपको सुकून का अहसास कराएंगे। आप यहां वास्तुकला और आसपास की शांति के साथ झील के किनारे पिकनिक का आनंद ले सकते हैं।

गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज : दक्षिण दिल्ली में मौजूद यह विशाल पार्क वीकएंड फन के लिए बिल्कुल परफेक्ट साबित होगा। आप इस पार्क में पिकनिक का आनंद उठाने के साथ ही विभिन्न थीम वाले एरिया, मूर्तियां, बगीचों और वॉटर बॉडीज का लुत्फ उठा सकते हैं।

ठाकुरजी ने भरा छप्पन करोड़ का मायरा

निसं

जयपुर (नवयत्न)। मुरलीपुरा स्थित रामेश्वरधाम कॉलोनी के गौड़ विप्र समाज भवन में मंगलवार को आयोजित तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो कथा का श्रद्धा और भक्ति के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन व्यासपीठ से कथावाचिका नीतू तिवाड़ी ने नानी बाई का मायरा भरने की मार्मिक कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण मुनीम का रूप धारण कर अपने परम भक्त नरसी मेहता की पुत्री नानी बाई का ऐसा मायरा भरने पहुंचे कि पूरा अंजार नगर आश्चर्यचकित रह गया। ठाकुरजी ने छप्पन करोड़ का मायरा भरते हुए स्वर्ण मुद्राओं की वर्षा कर नगरवासियों को भी धन-धान्य से समृद्ध कर दिया। इतना ही नहीं, इस दिव्य लीला का श्रेय भी अपने भक्त नरसी मेहता को दिया। भगवान की यह उदारता देखकर नरसी भगत भाव-विभोर होकर फूट-फूटकर रो पड़े। कथा के दौरान श्री रामेश्वर धाम कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष अशोक साह, गिरधारी शर्मा, रूडमल बुनकर, सीताराम शर्मा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने पारंपरिक मायरा भरने की रस्म निभाई। कार्यक्रम के अंत में ऋषि राणा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रस्तुत कर्णप्रिय भजनों पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूम उठे और पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

बारिश बनी आफत, ढहा मकान

प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

चिड़ावा (नवयत्न)। क्षेत्र में गर्मी में राहत का काम कर रही बारिश अब गरीब परिवारों के लिए जान का खतरा और सिर से छत छिनने का सबब बनती जा रही है। चिड़ावा के अडूका गांव में पानी की टंकी के पास एक बड़ा हादसा टल गया, जब एक मकान का एक हिस्सा अचानक भरभराकर जमींदोज हो गया। राहत की बात यह रही कि हादसे के वक्त परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में मौजूद थे जिससे कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन इस घटना ने इस गरीब परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है। ग्रामीणों और मकान मालिक महिला ने दर्द बयां करते हुए बताया कि उनके घर में काफी समय से दरारें आ रही थीं। वे अपने आशियाने को टूटने से बचाना चाहते थे लेकिन हाथों में पर्याप्त रुपए न होने के कारण वे समय पर मरम्मत नहीं करवा पाए। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे से ही बारिश शुरू हो गई थी। लगातार हो रही बारिश के कारण हमारा एक कमरा अचानक गिर गया। गनीमत रही कि परिवार के लोग दूसरे कमरे में बैठे थे वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे का दर्द यहीं खत्म नहीं हुआ। पीड़ित परिवार ने बताया कि जिस कमरे में वे अभी शरण लिए हुए हैं उस दूसरे कमरे की दीवारों में भी खतरनाक दरारें आ चुकी हैं। यह कमरा भी अब कभी भी ढह सकता है। परिवार इस वक्त खुले आसमान के नीचे या फिर जान जोखिम में डालकर साये में जीने को मजबूर है। उनके पास रात गुजारने के लिए कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। ग्रामीणों और पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी सुध ली जाए। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द उनकी आर्थिक सहायता करे ताकि वे अपने परिवार के लिए सिर छिपाने का आशियाना बना सकें और सुरक्षित रात गुजार सकें। इस दुखद घटना के बाद से पूरे इलाके में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मदद की उम्मीद लगाए बैठे इस परिवार की मदद के लिए त्वरित कार्रवाई की मांग उठ रही है।

पट्टा प्रकरण में ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच पर रिश्वत मांगने का प्रकरण दर्ज

निसं

जयपुर (नवयत्न)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने राजसमंद जिले की ग्राम पंचायत तासोल में पट्टा बनाने के नाम पर 43 हजार 500 रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच प्रशासक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। ट्रैप कार्रवाई की तैयारी के दौरान आरोपियों को भनक लगने से कार्रवाई सफल नहीं हो सकी, जिसके बाद एसीबी ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी राजसमंद को शिकायत मिली थी। कि ग्राम पंचायत तासोल में पदस्थापित ग्राम विकास अधिकारी करण सिंह राव और सरपंच प्रशासक भंवरलाल सरगरा परिवादी के बाड़े का पट्टा बनाने की एवज में 43 हजार 500 रुपये रिश्वत मांग रहे थे तथा राशि नहीं देने पर उसे लगातार परेशान कर रहे थे। शिकायत पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत चारण के नेतृत्व में शिकायत का गोपनीय सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान दोनों आरोपियों द्वारा रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई, लेकिन आरोपियों को कार्रवाई की भनक लग जाने के कारण ट्रैप सफल नहीं हो सका। इसके बाद एसीबी ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

सड़क बनी मुसीबत ! गलियों में फैला नालियों का गंदा पानी

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। बाइपास रोड से मीणा चौक तक चल रहे सड़क निर्माण को लेकर वार्ड 15 के लोगों में आक्रोश है। वार्डवासियों ने सड़क निर्माण के दौरान मुख्य सड़क का लेवल आसपास की वार्ड सड़कों से ऊंचा करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने पालिका प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी कर सड़क निर्माण कार्य की जांच करवाने की मांग की। वार्डवासियों का कहना है कि मुख्य सड़क का लेवल ऊंचा होने से नालियों के पानी की निकासी प्रभावित हो गई है। निकासी बाधित होने के कारण नालियों का गंदा पानी गलियों और सड़कों पर फैल रहा है। जगह-जगह कीचड़ जमा होने से लोगों को पैदल चलने के साथ वाहन निकालने में भी परेशानी हो रही है।

बरसाती पानी की जद में आई दो बालिका स्कूलें, सैंकड़ों छात्राएं परेशान

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। शहर के अनेक क्षेत्रों में जल भराव की समस्या है और गांधी बालिका स्कूल से भराड़िया स्कूल तक हालात खराब हैं। दोनों ही बालिकाओं के विद्यालय हैं और यहां पर प्रतिदिन आने वाली सैंकड़ों बालिकाओं को परेशान होना पड़ता है। वहीं व्यापारियों का कहना है कि हमारा व्यापार चौपट होता जा रहा है। गांधी चौक के व्यापारी बसंत प्रजापत, बबलू बजरंगी, अनिल, वेदप्रकाश, राजकुमार गुर्जर, श्रवण, रूघाराम आदि ने बताया कि फिरोज साईकिल सेंटर के सामने मुख्य सड़क पर नाले का क्रॉस बना हुआ है, जिसमें लगी जालियां कोई उठा ले गया लेकिन नगरपरिषद ने फिर से जालियां नहीं लगाई, जिसके कारण यहां पर गढ़े पानी भर जाने के बाद नजर नहीं आते और आने वाले वाले वाहन चालकों और राहगीरों को हर वक्त खतरा बना रहता है। बबलू बजरंगी व अन्य लोगों ने पानी में स्थित गड्ढ़े में बाइक का टायर उतारकर बताया कि यहां पर लोग इस प्रकार से दिन में चार पांच वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं लेकिन नगरपरिषद ने यहां पर जाली लगाने का काम नहीं किया। इसलिए हमारी मांग है कि सड़क के बीच बने गय गड्ढ़े को फटाफट कवर करवाकर जनता को राहत प्रदान की जावे। दूसरी ओर भराड़िया स्कूल तक सड़क पर पानी जमा हो जाने से यह रास्ता नदी के रूप में नजर आने लगा है।

लोगों का कहना है कि पानी की निकासी धीमी होने के कारण जल जमाव बना रहता है और प्रशासन राहत प्रदान करने को लेकर गंभीर नजर नहीं आता। दूसरी ओर चापटिया तलाई का पानी भी अब मोहल्ले में आने लगा है हालांकि यहां पर जल निकासी जारी है लेकिन अगर और बारिश हुई तो पानी घरों के सामने आ जायेगा। वहीं कब्रिस्तान के सामने स्थित श्मशान में पानी भरा हुआ है।

एडीजे कोर्ट ने सड़क दुर्घटना पीड़ित को दिलाया 6 लाख का मुआवजा

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

चिड़ावा (नवयत्न)। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एडीजे) चिड़ावा के पीठासीन अधिकारी नरेन्द्र सिंह ने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक दीपक पुत्र अनिल कुमार निवासी बड़बर तहसील बुहाना की क्लेम याचिका स्वीकार करते हुए 6,01,896 का मुआवजा देने का आदेश पारित किया है।

मामले के अनुसार वर्ष 2019 में वाहन से दुर्घटनाग्रस्त होने से दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना में उसके पैर में गंभीर चोट आई तथा उसे 70 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता हुई। न्यायाधिकरण ने उपलब्ध साक्ष्यों एवं चिकित्सीय अभिलेखों के आधार पर याचिका स्वीकार करते हुए वाहन चालक एवं स्वामी को संयुक्त रूप से 6,01,896 की क्षतिपूर्ति राशि अदा करने का आदेश दिया।

बारिश से जाखल-बुगाला बाइपास बना तालाब

चाय जैसा पानी भरने से राहगीर व वाहन चालक परेशान

निसं

बुगाला (नवयत्न)। मंगलवार को हुई बारिश के बाद जाखल-बुगाला बाइपास सड़क पर पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित हो गया। सड़क पर लाल मिट्टी मिश्रित पानी भरने से पूरा मार्ग चाय जैसा दिखाई दे रहा है। ऐसे में वाहन चालकों के साथ-साथ राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान नेता सुभाष बुगालिया व ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के कारण बाइपास पर जलभराव की स्थिति बन गई है। सड़क पर लंबे हिस्से में पानी जमा होने से वाहन चालकों को रास्ते का अनुमान लगाने में दिक्कत हो रही है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। कई वाहन चालक मजबूरी में धीमी गति से वाहन निकाल रहे हैं जबकि राहगीरों को भी पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बाइपास पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने तथा अधूरी सड़क पूरी करवाने की मांग की है ताकि बारिश के दौरान लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैंक कैशियर का अपहरण कर मारपीट व लूट करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। मुहाना थाना पुलिस ने बैंक कैशियर का अपहरण कर मारपीट और लूट की सनसनीखेज वारदात में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी अक्षय उर्फ गोलू मीणा को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर जेल से गिरफ्तार किया।

इस मामले में पहले एक अन्य आरोपी पायलेट मीणा को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। जयपुर दक्षिण पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज ने बताया कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक फगी शाखा में कैशियर अभिषेक पारीक ने 15 नवंबर 2024 को मुहाना थाने में मामला दर्ज कराया था कि ड्यूटी समाप्त कर स्कूटी से घर लौटते समय बालावाला के पास सुनसान मार्ग पर बदमाशों ने स्कॉर्पियो कार लगाकर उसका रास्ता रोक लिया। इसके बाद उसे जबरन कार में डालकर अपहरण कर लिया। आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए उसकी जेब से 2 हजार रुपये, बैग में रखे 45 हजार रुपये तथा चांदी का कड़ा लूट लिया। साथ ही यूपीआई पिन हासिल करने के लिए उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और सुनसान स्थान पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मुहाना थानाधिकारी मुकेश कुमार खारड़िया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल एवं आरोपियों के संभावित रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दिखाई दी स्कॉर्पियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें नामजद किया गया, लेकिन वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि इस मामले का एक आरोपी पायलेट मीणा पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि नामजद आरोपी अक्षय मीणा उर्फ गोलू उर्फ अक्षय चांदा 21 निवासी थूनियांधिराजपुरा दौसा, अन्य मामले में जेल में बंद है। इस पर पुलिस ने न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर इस गिरोह से जुड़ी अन्य वारदातों और फरार आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

कालेरा ने ऊर्जा मंत्री को किसानों की समस्याओं से करवाया अवगत

अबूबकर बल्खी

लाडनूं (नवयत्न)। ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री नागर के एक दिवसीय लाडनूं दौरे के दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल पूर्व अध्यक्ष नाथूराम कालेरा ने विधानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत संबंधित समस्याओं से अवगत करवाया। कालेरा ने राज्य मंत्री को ज्ञापन देकर किसानों को ढाणीयों में विद्युत कनेक्शन जारी करवाने व विद्युत लाईनों में सुधार करवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र लाडनूं में किसान खेत में मकान बनाकर ढाणियों में निवास करते है जिनको समय-समय पर भारतीय जनता पार्टी की पूर्व सरकार में रियायती दर पर घरेलू कनेक्शन दिये गए थे लेकिन अभी भी काफी संख्या में खेतों की ढाणियों में निवास करने वाले किसान घरेलू विद्युत कनेक्शन से वंचित है। जिन्हें रियायत दर बिजली के कनेक्शन स्वीकृत कराने की आवश्यकता है। बिजली के सुधार हेतु पूरे क्षेत्र में एबी केबल सिंगल फेज व थ्री फेज 2004-05 में लगी थी (एफआरपी के तहत) अभी तक सारे सिस्टम में वही केबल लगी हुई है जो हर गाँव में पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है इसके इन्सुलेटर कही भी तान में नहीं लगी है। जिससे ज्यादा करंट आने की संभावना बनी रहती है। इसलिए जहाँ पर स्टे इन्सुलेटर नहीं लगी है वहाँ चिह्नित कर लगाई जाये व एबी केबल पूरी, क्षेत्र की बदली जाए। क्षतिग्रस्त खंभे बदले जाने, सहायक अभियंता निम्बी जोधा में बजट घोषणा में ग्राम गेनाणा में 33 केवी जीएसएस की घोषणा की गई उसका कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ उसे शीघ्र शुरू करवाने, सहायक अभियंता कार्यालय निम्बी जोधा के क्षेत्र में ग्राम खामियाद और मणू चन्द्राई

में भी विद्युत सप्लाई सुचारू करने के लिए 33 केवी जीएसएस स्वीकृत करवाने की मांग रखी।

मरीजों को फल व ज्यूस बाटकर मंजीतपाल का जन्मदिन मनाया

लाडनूं (नवयत्न)। विधानसभा क्षेत्र के संघर्षशील समाजसेवी एवं श्री आनन्द परिवार सेवा समिति के अध्यक्ष संस्थापक मंजीतपाल सिंह सावराद के 45 वें जन्मदिवस के विशेष मौके पर सेठ गणपतराय सरावगी राजकीय उपजिला चिकित्सालय में भर्ती सभी मरीजों और उनके परिजनों व शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों सहित अस्पताल के समस्त स्टाफ को फल और लिची का जूस वितरण किया गया। इस अवसर पर मरीजों ने मंजीतपाल सिंह सावराद के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनकी लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर हाजी आसिफ खान कायमखानी, मुश्ताक खान कायमखानी, असलम खान, मुराद खान इंडियन, सुनील गुर्जर, नानूराम नायक, धर्मेंद्र पंवार, आरिफ मोयल, विनोद चौहान, मुन्ना मॉयल, लाला गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मरीजों ने इस पहल की सराहना की।

कार्यालय ग्राम पंचायत चाड़वास पंचायत समिति बीदासर

जिला चूरू

क्रमांक:- 91-97 दिनांक:- 04.08.2026

खुली निविदा सूचना संख्या 13 (वित्तीय वर्ष 2026-27)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चाड़वास पंचायत समिति बीदासर के अधीनस्थ ग्राम में वित्तीय वर्ष 2026-27 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म/शर्तें ऑफलाईन/कार्यालय में उपलब्ध है।

क्र.सं.	बोली का विवरण	अनुमानित लागत राशि (रूपये में)	बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में)	बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये में)	बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं उपलोड शुरू करने की दिनांक व समय	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय	बोली खोलने की दिनांक व समय
1	2	3	4	5	6	7	8
1	ग्राम पंचायत चाड़वास के समस्त गावों में घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, सड़क एवं नाली सफाई, तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य	976177	19524	200	04.08.2026 10:00 AM	11.08.2026 12:00 PM	11.08.2026 03:00 PM

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत चाड़वास पंचायत समिति बीदासर से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं अमानत राशि के मूल डी.डी./बैंकर चैक की प्रति ऑफलाईन तकनीकी निविदा के साथ संलग्न कर अपलोड करनी होगी। साथ ही निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं अमानत राशि का डी.डी./बैंकर चैक निविदा खोलने की दिनांक तक जमा करानी होगी।

2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज ग्राम पंचायत सांडवा पंचायत समिति बीदासर, जिला चूरू के कार्यालय से व्यक्तिश: अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।

3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी.डी./बैंकर चैक सरपंच ग्राम पंचायत साडवा/विकासअधिकारी, पंचायत समिति बीदासर के नाम बनाना होगा एवं प्रोसेसिंग शुल्क का डी.डी./बैंकर चैक के नाम देय होगा।

4. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं प्रतिभूति राशि दस्तावेजो को भौतिक रूप से कार्यालय में जमा कराने वाले निविदादाताओं की ही तकनीकी बोली खोली जावेगी।

5. तकनीकी-वाणिज्यिक/ क्वालिफाईड बिड कार्यालय में उपस्थित बोलीदाता/संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी व तकनीकी बोली में सफल बोलीदाता की ही वित्तीय बोली खोली जायेगी।

6. किसी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।

NIB:-ZCR2627A0606 UBN is: ZCR2627SSOB00855

प्रशासक
ग्राम पंचायत चाड़वास
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चाड़वास
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

डायबिटीज में घातक हो सकती है स्मोकिंग की लत, बढ़ जाता है इन समस्याओं का जोखिम

आज के समय में डायबिटीज एक गंभीर और आम समस्या बन चुकी है। आजकल सिर्फ बड़ी उम्र के लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी डायबिटीज की चपेट में आ रहे हैं। डायबिटीज को आम भाषा में शुगर की बीमारी कहा जाता है। इसमें व्यक्ति का ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में नहीं रहता है। डायबिटीज को एक जीवनशैली रोग माना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आमतौर पर हमारी जीवनशैली की कुछ खराब आदतें इसके लिए जिम्मेदार होती हैं। अगर डायबिटीज का समय रहते उपचार न किया जाए, तो इससे कई अन्य गंभीर रोगों का जोखिम बढ़ जाता है। डायबिटीज की समस्या को पूरी तरह से तो ठीक नहीं किया जा सकता है, लेकिन डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव करके इसे कंट्रोल किया जा सकता है। ऐसे में अगर आपको धूम्रपान करने की आदत है, तो आप उसे तुरंत छोड़ दें। स्मोकिंग वैसे तो सभी के लिए नुकसनदायक होती है, लेकिन डायबिटीज में स्मोकिंग करने से आपकी स्थिति और ज्यादा खराब हो सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि निकोटिन आपके शरीर को इंसुलिन के प्रति और अधिक प्रतिरोधी बना देता है ब्लड शुगर के स्तर को काफी अधिक बढ़ा देता है। इसकी वजह से ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करना काफी मुश्किल हो जाता है। इतना ही नहीं, डायबिटीज में स्मोकिंग करने से कई गंभीर समस्याओं का जोखिम भी बढ़ जाता है।

ग्लूकोज का लेवल बिगड़ सकता है

अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं और धूम्रपान करते हैं, तो इससे आपकी स्थिति और खराब हो सकती है। धूम्रपान करने से ब्लड शुगर लेवल बिगड़ सकता है। डायबिटीज में स्मोकिंग करने की वजह से ग्लूकोज का लेवल कम या ज्यादा हो सकता है, जिससे आपकी सेहत को नुकसान हो सकता है।

ऐल्ब्युमिनमेह

डायबिटीज में स्मोकिंग करने से ऐल्ब्युमिनमेह की समस्या भी हो सकती है। इस समस्या में यूरिन में असामान्य मात्रा में ऐलब्युमिन नामक प्रोटीन पाया जाता है। यूरिन में इस प्रोटीन की बहुत ज्यादा मात्रा होने पर नर्व्स डैमेज होने का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसके साथ ही, घावों को ठीक होने में भी काफी ज्यादा समय लगता है।

किडनी से जुड़ी बीमारियां

डायबिटीज के दौरान स्मोकिंग करने से किडनी संबंधी बीमारियों का जोखिम भी काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसके अलावा, इससे आंखों में इंफेक्शन का खतरा भी काफी बढ़ सकता है।

दिल से जुड़ी समस्याएं

अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं, तो धूम्रपान से दूरी बनाकर रखें। धूम्रपान और तम्बाकू के सेवन से दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा काफी बढ़ जाता है। दरअसल, सिगरेट में मौजूद केमिकल्स और टार से एथेरोस्क्लेरोसिस का जोखिम बढ़ सकता है, जिससे ब्लड वेसल्स में प्लाक जमना शुरू हो जाता है। इतना ही नहीं, इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम भी काफी बढ़ जाता है।

कठोर हो सकती हैं धमनियां

रिसर्च में पाया गया है कि धूम्रपान करने से धमनियां काफी सख्त हो जाती हैं। इसकी वजह से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो जाता है, जिससे डायबिटीज के मरीजों की समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है।

फेफड़ों पर पड़ता है बुरा प्रभाव

स्मोकिंग का बुरा प्रभाव हमारे फेफड़ों पर भी पड़ता है। डायबिटीज में स्मोकिंग करने से क्रोनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिसऑर्डर होने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

सुबह उठने के बाद दिखें ये संकेत तो न करें नजरअंदाज, हो सकती है डायबिटीज

डायबिटीज एक आम समस्या है, जिससे आजकल करोड़ों लोग परेशान हैं। डायबिटीज में व्यक्ति का ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है। जिन लोगों को डायबिटीज होता है, उन्हें इसके लक्षण किसी भी समय महसूस हो सकते हैं। लेकिन कुछ लोगों को सुबह उठने के बाद डायबिटीज के लक्षणों का अनुभव हो सकता है। अगर आपको भी सुबह उठने के बाद कुछ लक्षण नजर आते हैं, तो इन्हें बिल्कुल नजरअंदाज न करें। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर सुबह उठने के बाद कौन से लक्षण डायबिटीज के हो सकते हैं? या फिर सुबह उठने के बाद के कौन से संकेत डायबिटीज के होते हैं?

मुंह या गला सूखना : अगर सुबह उठने के बाद आपको तुरंत प्यास लगी रहती है, तो यह डायबिटीज का संकेत हो सकता है। अगर रोजाना प्यास रहती है और पानी पीने की इच्छा रहती है, तो आपको अपने शुगर लेवल की जांच जरूर कर लेनी चाहिए। मुंह या गला सूखना डायबिटीज का शुरुआती संकेत हो सकता है।

थकान : सुबह उठने के बाद हमें फ्रेश, तरोताजा महसूस करना चाहिए। लेकिन अगर सुबह उठने के बाद आप हमेशा थकान महसूस करते हैं, तो यह डायबिटीज का संकेत हो सकता है। थकान, उनींदापन और कमजोर महसूस करना डायबिटीज के लक्षणों सकते हैं, इसलिए इन्हें बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें।

धुंधली दृष्टि : सुबह उठते ही अगर आप साफ नहीं देख पाते हैं, या आपको धुंधली दृष्टि दिखाई देती है, तो यह भी डायबिटीज का एक संकेत हो सकता है। इसे सामान्य समझकर बिल्कुल भी इग्नोर न करें, अन्यथा आगे चलकर आपका शुगर लेवल ज्यादा हो सकता है। दरअसल, जब शुगर लेवल बढ़ता है, तो आंखों की छोटी रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंच सकता है। इससे दृष्टि धुंधली पड़ सकती है। ऐसा एक या दोनों आंखों में हो सकता है।

खुजली : शरीर पर खुजली होना भी डायबिटीज का संकेत हो सकता है। अगर सुबह उठने के बाद आपको खुजली महसूस होती है, तो इसे नजरअंदाज न करें। डायबिटीज में सुबह उठने के बाद आपको त्वचा, मुंह, जननांगों पर खुजली हो सकती है।

झुनझुनी या सुन्नता : सुबह उठने के बाद शरीर में झुनझुनी या सुन्नता का अनुभव हो, तो इसे भी डायबिटीज का एक संकेत माना जा सकता है। दरअसल, डायबिटीज में ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है, इससे नसों को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में डायबिटीज वाले लोगों को सुबह के समय हाथों या पैरों में झुनझुनी महसूस हो सकती है। इसे डायबिटीज न्यूरोपैथी के रूप में जाना जाता है।

भुने चने के साथ शहद खाने से सेहत को मिलेंगे कई जबरदस्त फायदे

आज के समय में व्यस्त जीवनशैल पर व्यक्ति खुद की सेहत पर ध्यान नहीं दे पाता है। खासकर दूर दराज के इलाकों से शहर में आने वाले लोगों का खाने पीने का कोई निश्चित समय नहीं होता है। जिसका दुष्प्रभाव उनकी सेहत पर पड़ता है। समय पर खाना न खाने की वजह से लोगों को थकान व कमजोरी के साथ ही कई अन्य तरह की परेशानियां होने लगती है। यदि आप भी इस तरह की परेशानी से ग्रस्त हैं तो भुने चने और शहद को डाइट में शामिल करें। इससे आपको पर्याप्त पोषण मिलता है।

भुने चने में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, फाइबर और अन्य विटामिन मौजूद होते हैं, जो व्यक्ति के दैनिक पोषण को पूरा करने का काम करते हैं। इसलिए आपको नियमित रूप से भुने चने और शहद का सेवन करना चाहिए। इससे शरीर में ताकत आती है और आलस दूर होता है।

वजन कम करने में सहायक : भुना चना और शहद वजन को कम करने के लिए डाइट में शामिल करें। इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है, इसलिए जब आप भुने चने और शहद खाते हैं तो इससे आपको लंबे समय तक भूख नहीं लगती है और आप बेवजह बाहर का खाने से बच जाते हैं।

ब्लड शुगर के लिए फायदेमंद : ब्लड शुगर के लोगों के लिए भुना चना और शहद खाना फायदेमंद होता है। लेकिन इसमें शहद की मात्रा बेहद कम रखें। इसमें आप शहद की जगह पर गुड़ का भी सेवन कर सकते हैं।



हड्डियों को बनाता है मजबूत : भुना चना और शहद हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक होता है। भुने चने और शहद में मैग्नीशियम और फोस्फोरस पाया जाता है, जो शरीर की हड्डियों को मजूबत बनाने का काम करते हैं।

हृदय रोग के लिए फायदेमंद : भुने चने और शहद हृदय स्वास्थ्य को बेहतर करते हैं। इनके नियमति सेवन से शरीर में फोलेट, मैग्नीशियम, तांबे और फास्फोरस की पूर्ति होती है। जिससे रक्त संचार बेहतर होता है। फोस्फोरस हृदय सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।

पाचन क्रिया होती है बेहतर : भुने चने और शहद के खाने से पाचन क्रिया में सुधार होता है। भुने चने और शहद में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर करता है। इससे व्यक्ति को कब्ज, गैस व पेट फूलने की समस्या से छुटकारा मिलता है। साथ ही वह पहले की अपेक्षा एक्टिव महसूस करता है।

इम्युनिटी पावर को मजबूत बनाता है : भुने चने और शहद में कई पोषक तत्व होते हैं, जिनके नियमित सेवन से व्यक्ति की इम्युनिटी पावर मजबूत बनती है। इसकी वजह से व्यक्ति बार बार बीमार नहीं पड़ता है।

बढ़े हुए शुगर लेवल को करें कंट्रोल, ऐसे रखें सेहत का ख्याल

गलत खान-पान से ख़राब हेल्थ खासकर डाइबिटिक लोगों का शुगर लेवल बिगड़ना आम बात है। सर्दियों के सीजन में ज्यादा ऑयली और मीठा खाने से वजन और शुगर लेवल को नियंत्रित रख पाना मुश्किल होता है, एक रिसर्च के अनुसार क्रिसमस सेलिब्रेशन और न्यू ईयर पार्टीज के बाद सबसे ज्यादा लोगों का शुगर लेवल अनियंत्रित पाया गया, ऐसे आयोजनों के मौके पर डाइबिटिक लोगों को ज्यादा सावधान रहने की जरूरत होती हैं। क्रिसमस केक का छोटा सा हिस्सा आपकी हेल्थ के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

खान-पान का रखें विशेष ध्यान : बैलेंस शुगर लेवल के लिए अपनी डाइट का विशेष ख्याल रखें, केक, पेस्ट्री खाने में तो टेस्टी होती है लेकिन इसमें शुगर की मात्रा आवश्यकता से अधिक होती है जिससे ब्लड शुगर को अनियंत्रित हो जाता है। भोजन में रंग-बिरंगे फल और हरी सब्जियों को शामिल करें। ज्यादा मात्रा में पानी और बॉडी को डिटॉक्स करने वाले फलों का जूस पीएं। लेकिन अधिक जीआई वाले फलों के सेवन से परहेज करें, अधिक जीआई वाले फल शुगर लेवल को बढ़ाते है,ब्लड

शुगर को बैलेंस रखने के लिए कम जीआई वाले फल जैसे कीवी, सेब, अमरुद, पपीता, संतरा और चेरी को डाइट में शामिल करें। आम केला और चीकू जैसे अधिक जीआई वाले फलों से परहेज करें।

नियमित व्यायाम : ब्लड में शुगर लेवल को दुरुस्त रखने के लिए नियमित व्यायाम और योगा करें, यह आपके शुगर लेवल को बैलेंस रखेगा और एक्स्ट्रा कैलोरी को बर्न करने में सहायक होगा। नियमित व्यायाम से मेन्टल हेल्थ भी सुधरती है, तनाव और स्ट्रेस का आपकी हेल्थ पर प्रभाव नहीं पड़ता है।

प्रोसेस्ड फूड से रहें दूर : प्रोसेस्ड फूड से सावधान रहें यह डाइबिटिक लोगों के ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकते हैं, इन पदार्थों को लम्बे समय तक सुरक्षित बनाये रखने के लिए इनमें ट्रांसफैट का प्रयोग किया जाता है।

वजन घटाने में फायदेमंद है पनीर, सेवन करने का तरीका

पनीर खाने में स्वादिष्ट होने के साथ ही सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। शाकाहारी लोगों के लिए पनीर प्रोटीन का एक बेहतरीन सोर्स है। पनीर विटामिन, कैल्शियम, फॉस्फोरस और फोलेट से भरपूर होता है। पनीर के सेवन से मांसपेशियां मजबूत बनती है। पनीर में मौजूद कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाता है और दांतों को भी स्वस्थ रखता है। पनीर में मौजूद पोषक तत्वों से शरीर को एनर्जी मिलती है। इसके अलावा, पनीर हमारे दिल के स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। पनीर का सेवन करने से शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ता है। पनीर में फाइबर भी होता है, जो पाचन को दुरुस्त रखता है। वजन घटाने के लिए भी पनीर का सेवन फायदेमंद साबित हो सकता है।

वजन घटाने के लिए पनीर के फायदे

- अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो रोजाना पनीर का सेवन कर सकते हैं। पनीर में फाइबर होता है, जो भूख को कंट्रोल करने में मदद करता है। ऐसे में अगर आप पनीर खाएंगे, तो आपको जल्दी से भूख नहीं लगेगी। इससे आप ओवरइटिंग से बच सकते हैं।
- वजन घटाने के लिए प्रोटीन युक्त चीजें खाने की सलाह दी जाती है। दरअसल, हमारा पेट प्रोटीन युक्त चीजों को पचाने में समय लेता है। ऐसे में अगर आप पनीर का सेवन करते हैं, जो आपको वेट लॉस में मदद मिल सकती है। पनीर में प्रोटीन भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। इसे खाने से आपको भूख कम लगेगी और मांसपेशियों के विकास में भी बढ़ावा मिलेगा।

- पनीर में हेल्दी फैट्स होते हैं, जो शरीर में मौजूद फैट को बर्न करने में मदद करते हैं। अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो गाय के दूध से बने पनीर का सेवन करें, क्योंकि इसमें फैट की मात्रा कम होती है।
- पनीर में कैलोरी की मात्रा भी कम होती है। 100 ग्राम पनीर में लगभग 72 कैलोरी होती है। जो लोग वजन घटाने के लिए लो कैलोरी डाइट फॉलो करते हैं, वे अपनी डाइट में पनीर शामिल कर सकते हैं।
- पनीर में कंजुगेटेड लिनोलिक एसिड (सीएलए) नामक फैटी एसिड पाया जाता है, जो अतिरिक्त फैट को बर्न करने में मदद करता है। ऐसे में पनीर का सेवन करने से आपको वेट लॉस में मदद मिल सकती है।

वजन घटाने के लिए पनीर कैसे खाएं : पनीर का सेवन करने से वजन घटाने में मदद मिलती है। लेकिन इसके लिए आपको पनीर का सेवन सही तरीके से करना करना होगा। अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो कच्चे पनीर का सेवन कर सकते हैं। कच्चा पनीर खाने से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है। इसे खाने से भूख कम लगती है और अतिरिक्त फैट को बर्न करने में मदद मिलती है। आप वेट लॉस के लिए सलाद में कच्चा पनीर शामिल करके खा सकते हैं। इसके अलावा, आप कच्चे पनीर के ऊपर नमक और काली मिर्च डालकर भी खा सकते हैं।

वजन घटाने के लिए पनीर का खाने का सही समय : वजन घटाने के लिए आप पनीर का सेवन किसी भी समय कर सकते हैं। हालांकि, तेजी से वजन घटाने के लिए सुबह के समय पनीर का सेवन करना चाहिए। अगर आप रोज सुबह नाश्ते में कच्चा पनीर खाएंगे, तो आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहेगाा। सुबह के समय पनीर खाने से आप ऊर्जावान महसूस करेंगे।

रोज करें ये योगासन स्किन बनी रहेगी ग्लोइंग

सर्दियों में स्किन डल, बेजान और रूखी नजर आने लगती है। ऐसे में स्किन को बाहर से मॉइश्चराइज करना बहुत जरूरी होता है। लेकिन स्किन में निखार लाने के लिए, स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए अंदरुनी क्लीनिंग भी बहुत जरूरी होती है। इसके लिए योग फायदेमंद साबित हो सकता है। रोजाना योग करने से आप ग्लोइंग स्किन पा सकते हैं। नियमित रूप से योग करने से चेहरे की झुर्रियां और फाइन लाइंस दूर होते हैं। मुहांसों, दाग-धब्बों से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही स्किन में शाइनी और ग्लोइंग बनती है। इसलिए सर्दियों में अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाए रखने के लिए आपको भी योग जरूर करना चाहिए।

सर्वांगासन

अपने चेहरे की खूबसूरती को निखारने, स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए आप सर्वांगासन कर सकते हैं। इस आसन को करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। इससे चेहरे की झुर्रियां, मुहांसों और फाइन लाइंस से छुटकारा मिल सकता है।

सर्वांगासन की विधि

- इस आसन को करने के लिए सबसे पहले आप पीठ के बल लेट जाएं।
- इसके बाद अपने दोनों पैरों को 90 डिग्री तक ऊपर उठाएं।
- फिर अपने दोनों हाथों को कमर पर लगाएं।
- पैरों के साथ ही कमर तक के हिस्से को भी धीरे-धीरे ऊपर उठाएं।
- अपनी ठोड़ी को सीने पर लगाने की कोशिश करें।
- आप इस आसन में 30 सैकेंड तक रह सकते हैं।
- फिर सामान्य स्थिति में आ जाएं। आप इस आसन को 3-5 बार कर सकते हैं।

त्रिकोणासन

त्रिकोणासन करने से आपकी स्किन ग्लोइंग नजर आ सकती है। इस आसन को करने से आपकी स्किन प्रॉब्लम्स में भी सुधार हो सकता है। मुहांसों, दाग-धब्बों से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही चेहरे में निखार भी आता है।

त्रिकोणासन की विधि

- इस आसन को करने के लिए आप दोनों पैरों के बीच दूरी बनाकर खड़े हो जाएं।
- अब अपने हाथों को जांघों के बगल में रखें।
- इसके बाद अपने हाथों को कंधों तक फैलाएं।
- फिर धीरे-धीरे सांस लेते हुए दाएं हाथ को सिर से ऊपर ले जाएं।
- सांस छोड़ते हुए शरीर को बाईं तरफ झुकाएं। बाएं हाथ को जमीन पर बाएं पैर के पास रखें।
- इस स्थिति में आपके घुटने नहीं मुड़ने चाहिए।
- 20-30 सेकेंड तक इस पोजिशन में रहें। फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं।
- इसके बाद बाएं हाथ को सिर से ऊपर ले जाएं और शरीर को दाईं तरफ झुकाएं।
- आप इस आसन को 5-6 बार कर सकते हैं।

धनुरासन

चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने, स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए आप धुनरासन भी कर सकते हैं। धनुरासन करने से शरीर में रक्त का प्रवाह तेज होता है, इससे आपका चेहरा ग्लोइंग, निखरा हुआ और अच्छा नजर आ सकता है।

धनुरासन की विधि

- इस आसन को करने के लिए सबसे पहले आप पेट के बल लेट जाएं।
- अब सांस छोड़ते हुए अपने दोनों घुटनों को मोड़ लें।
- अपने दोनों हाथों से टखनों को पकड़ लें।
- फिर सांस लेते हुए अपने सिर, छाती और जांघ को ऊपर उठाएं।
- आप अपनी क्षमतानुसार शरीर को ऊपर उठा सकते हैं।
- इस अवस्था में शरीर के भार को पेट के निचले हिस्से पर लेने की कोशिश करें।
- इसके बाद धीरे-धीरे अपने पैरों के बीच की दूरी को कम करें।
- इस पोजिशन में थोड़ी देर रुकें। फिर सांस छोड़ते हुए नीचे आ जाएं।
- आप इस आसन को 3 से 5 बार कर सकते हैं।

विंटर में आपकी इम्युनिटी को बूस्ट करेंगे ये जूस

जब ठंड का मौसम आता है तो ऐसे में व्यक्ति को कई तरह की मौसमी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कोल्ड व फ्लू तो इस मौसम में बेहद आम है। अक्सर इस मौसम में लोग बार-बार बीमार पड़ते हैं। इतना ही नहीं, यह भी माना जाता है कि ठंड के मौसम में जूस का सेवन नहीं करना चाहिए। जबकि ऐसा नहीं है। सर्दी के मौसम में भी आप कई तरह के जूस आसानी से बना सकते हैं और अपनी इम्युनिटी को बूस्ट कर सकते हैं।

चुकंदर और गाजर से बनाएं जूस : ठंड के मौसम में चुकंदर, गाजर और अदरक का जूस पीना काफी अच्छा माना जाता है। चूंकि अदरक की तासीर गर्म होती है इसलिए इस जूस का सेवन करने से आपके शरीर को गर्मी मिलती है। वहीं, गाजर और चुकंदर में कई तरह के विटामिन और खनिज मौजूद होते हैं। जब आप इस जूस का सेवन करते हैं तो आपको आयरन, विटामिन ए और विटामिन सी काफी अच्छी मात्रा में मिलता है। साथ ही, इसके सेवन से आपका इम्युन सिस्टम भी मजबूत होता है।

ग्रीन एप्पल, गाजर, और ऑरेंज से बनाएं जूस : विंटर में इस जूस का सेवन करना भी काफी अच्छा माना जाता है। गाजर, सेब और संतरा आपके शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करने के लिए एक बेहद ही अच्छा कॉम्बिनेशन माना जाता है। जहां सेब और संतरे आपको विटामिन सी देते हैं। वहीं, गाजर में एंटीऑक्सीडेंट बीटा कैरोटीन और विटामिन बी 6 होते हैं। यह आपके इम्युन सिस्टम को काफी मजबूत बनाता है।

स्ट्रॉबेरी और कीवी से बनाएं जूस : यह एक ऐसा जूस है, जो विटामिन सी रिच होता है और इसलिए इसे इम्युन सिस्टम के लिए काफी अच्छा माना जाता है। आप चाहें तो इसे एक स्मूदी के रूप में भी बनाकर पी सकते हैं। आप इसे तैयार करने के लिए इसमें दूध को भी शामिल कर सकती हैं। दूध प्रोटीन और विटामिन डी का एक अच्छा स्रोत है।

झाझर की बेटी लक्ष्मी शेखावत टीम इंडिया की उपकप्तान बनी

सड़क हादसे के बाद नहीं मानी हार, अब एशियन नेटबॉल चैंपियनशिप में करेगी नेतृत्व।

अशोक राईका

झुंझुनू (नवयत्न)। बड़े भाई की प्रेरणा, अदम्य हौसले और तिरंगे के लिए कुछ कर गुजरने के जज्बे ने झाझर गांव की बेटी लक्ष्मी शेखावत को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचा दिया है। झाझर निवासी एवं सेवानिवृत्त सैनिक वीरेंद्र सिंह शेखावत की पुत्री लक्ष्मी शेखावत का चयन 6 से 15 अगस्त 2026 तक हांगकांग में आयोजित एशियन नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। इस बार उन्हें टीम इंडिया का उपकप्तान बनाया गया है। राजस्थान से वह इस प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। लक्ष्मी इससे पहले भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। लगातार बेहतरीन प्रदर्शन, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के दम पर उन्हें भारतीय टीम की उपकप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब वह एशिया की सबसे प्रतिष्ठित नेटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम का नेतृत्व करने में अहम भूमिका निभाएंगी।

बड़े भाई की प्रेरणा बनी सफलता की ताकत

लक्ष्मी की इस उपलब्धि के पीछे उनके बड़े भाई एवं उप जिला शिक्षा अधिकारी स्वराज सिंह का विशेष योगदान रहा है। परिवार के अनुसार बचपन से ही स्वराज सिंह ने उन्हें खेलों के प्रति प्रेरित किया और हर कठिन परिस्थिति में आत्मविश्वास बनाए रखने की सीख दी। परिवार के सहयोग और लगातार मार्गदर्शन ने ही लक्ष्मी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया।

रीढ़ में फ्रैक्चर के बाद भी नहीं टूटा हौसला

लक्ष्मी का सफर संघर्षों से भरा रहा। स्कूल के दिनों में हुए एक सड़क हादसे में उनकी रीढ़ की हड्डी के एल-1 और एल-2 हिस्से में गंभीर फ्रैक्चर हो गया था। लंबे समय तक इलाज और पुनर्वास चला, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। कठिन दौर से उभरने के बाद दोबारा मैदान में उतरीं और लगातार मेहनत के दम पर भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई। आज वही खिलाड़ी टीम इंडिया की उपकप्तान बनकर देश का नेतृत्व करने जा रही हैं।

झाझर से लेकर पूरे राजस्थान में खुशी की लहर

लक्ष्मी की उपलब्धि से झाझर गांव, झुंझुनूं जिला और पूरे राजस्थान में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों ने उनके चयन पर गर्व जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सभी को उम्मीद है कि 6 से 15 अगस्त तक हांगकांग में होने वाली एशियन नेटबॉल चैंपियनशिप में लक्ष्मी शानदार प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करेंगी और तिरंगे की शान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी।

भगवान शिव को अर्पित निर्माल्य से तैयार होगी हरित भविष्य की खाद

निसं

जयपुर (नवयत्न)। नगर निगम जयपुर की ओर से सावन मास में शुरू किया गया अभियान धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा उदाहरण बनकर उभर रहा है। अभियान के तहत सोमवार को शहर के पांच प्रमुख शिव मंदिरों से 530 किलोग्राम से अधिक निर्माल्य बिल्वपत्र, पुष्प एवं अन्य जैविक सामग्रीद्ध का संग्रह किया गया। इस निर्माल्य को वैज्ञानिक प्रक्रिया से जैविक खाद में परिवर्तित किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा की पहल पर शुरू किए गए इस पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत ताड़केश्वर महादेव, झारखंड महादेव, जंगलेश्वर महादेव, चमत्कारेश्वर महादेव और श्री रोजगारेश्वर महादेव मंदिरों से प्रतिदिन ईवी-हॉपर के माध्यम से निर्माल्य एकत्र किया जा रहा है। आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य भगवान शिव को अर्पित हर पत्ते और पुष्प को धरती के लिए प्रसाद बनाना है। इससे धार्मिक आस्था का सम्मान होने के साथ मंदिर परिसर स्वच्छ रहेंगे, डंपिंग यार्ड में जैविक कचरा कम होगा तथा सर्कुलर इकोनॉमी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उपायुक्त डॉ. नीलम मीणा ने बताया कि सोमवार को ताड़केश्वर महादेव मंदिर से 100 किलो, झारखंड महादेव से 200 किलो, जंगलेश्वर महादेव से 80 किलोए चमत्कारेश्वर महादेव से 80 किलो और श्री रोजगारेश्वर महादेव मंदिर से 70 किलो निर्माल्य एकत्र किया गया। संग्रहित सामग्री को पहले निकटवर्ती उद्यानों में सुखाया जाएगा, इसके बाद श्रेडर मशीन और कम्पोस्ट पिट की वैज्ञानिक प्रक्रिया से जैविक खाद तैयार की जाएगी। तैयार खाद को पैकेट के रूप में श्रद्धालुओं और नागरिकों को वितरित किया जाएगा। नगर निगम ने विभिन्न मंदिरों के लिए शहर के कई उद्यानों को निर्माल्य संग्रह एवं प्रसंस्करण केंद्र के रूप में चिन्हित किया है, जहां इस पूरे कार्य को वैज्ञानिक तरीके से संचालित किया जाएगा।

42 वें अधिवेशन में कायस्थजनों का हुआ सम्मान

सपना शर्मा

सीकर (नवयत्न)। राजस्थान कायस्थ महासभा के संगठनकर्ताओं की स्मृति में सर्वोत्कृष्ट समाज सेवक अलंकरण सम्मान महासभा के 42वां अधिवेशन मंगलवार को जयपुर में संपन्न हुआ। अधिवेशन में राजस्थान सहित सीकर के कायस्थजनों को सम्मानित किया गया। अधिवेशन में राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारियों तथा सदस्यों की मौजूदगी में डॉ उमेश भारतीय भरतपुर स्मृति सम्मान सीकर से वरिष्ठ पदाधिकारी लोकेश चंद्र माथुर को, विष्णु माथुर अजमेर स्मृति सम्मान कायस्थ हितकारिणी समिति के अध्यक्ष राधाकृष्ण माथुर एवं संरक्षक प्रदीप कुमार माथुर को, श्रेष्ठ समाजसेवी सम्मान वर्ष 2026 से अश्विनी माथुर शेखावाटी चैप्टर को प्रदान किया गया। अधिवेशन एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग में सीकर से उपरोक्त सम्मान प्राप्तकर्ता पदाधिकारियों के साथ सीकर कायस्थ समाज से बृजेश कुमार कुलश्रेष्ठ, नंदलाल माथुर, दीपेंद्र माथुर, मनीष माथुर, राजेश कुमार माथुर, सतीश कुमार माथुर आदि ने भाग लिया एवं अधिवेशन में समाज एवं संगठन विस्तार के महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

कार्यालय नगर परिषद, सीकर

Add:- संतोषी माता मंदिर के पास, राणी सती रोड़, सीकर
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

No. :- ( )/MCS/ELE/2026-27/23674076 Date: 29.07.2026

निविदा सूचना/2026-27

नगर परिषद, सीकर द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य की निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्यो से संबंधित शर्तें एवं विवरण नगर परिषद कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में एवं पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखा जा सकता है। निविदा समय सारणी निम्नानुसार है :–

NIB code :- DLB2627A5057

S.NO.	WORK WISE UBN NO.
1	DLB2627WSOB12158

निविदा जारी तिथि	दिनांक 28.07.2026
निविदा विक्रय प्रारम्भ तिथि	दिनांक 05.08.2026 प्रातः 09:30 बजे से
निविदा विक्रय समाप्ति तिथि	दिनांक 05.08.2026 दोपहर 01:00 बजे तक
निविदा प्राप्ति तिथि	दिनांक 05.08.2026 दोपहर 02.00 बजे से सांय 04.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 05.08.2026 सांय 04.15 बजे से

राज.संवाद/सी/26/8603 वरिष्ठ आयुक्त, नगर परिषद, सीकर

कार्यालय नगर पालिका लोसल (सीकर)

क्रमांक : न. पा. लो./2026–27/1960 दिनांक :–31.07.2026

बोली सूचना/2026–27

नगरपालिका लोसल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदको/फर्मो से बोली आमंत्रित की जाती है। बोली दिनांक 31.07.2026 से 06.08.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक अमानता राशि एवं बोली शुल्क जमा जरिये डी.डी. से इस कार्यालय में जमा करवाकर बोली फॉर्म प्राप्त किया जाकर पूर्णतया भरी हुई बोलियां दिनांक 07.08.2026 को दोहपर 02:00 बजे तक प्राप्त की जाकर सम्भव हुआ तो उसी तिथि को सायं 04.00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोली जावेगी। उक्त बोली को राजस्थान लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in) पर भी देखा जा सकता है। जिसके एन.आई.बी नम्बर व यू. बी. एन. नम्बर निम्नानुसार है–

NIB No. -DLB2627A5460
UBN No. - DLB2627SSOB13297, DLB2627WSOB13303, DLB2627WSOB13305, DLB2627WSOB13311

अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/26/8553 नगरपालिका लोसल

नाम परिवर्तन

मैं चंचल पुत्री प्यारे लाल निवासी ग्राम ढ़ाकाली तहसील फतेहपुर जिला सीकर (राज.)। मेरे पिता के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम कुमारी चंचल दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम चंचल है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरे पिता के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

सर्व हिन्दू समाज परिचय सम्मेलन में 90 युवक-युवतियों ने दिया परिचय

जयपुर (नवयत्न)। विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक साझा मंच उपलब्ध कराने और वैवाहिक प्रक्रिया को सरलएपारदर्शी व सुलभ बनाने के उद्देश्य से जयपुर माली सैनी समाज विकास आदर्श संस्था के तत्वावधान में सोडाला स्थित नारायणगढ़ पैलेस में 247 वां सर्व हिन्दू समाज विवाह योग्य युवक-युवती सामूहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न समाजों के अभिभावकों और विवाह योग्य युवक-युवतियों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। संस्था के अध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि सम्मेलन को दो चरणों में आयोजित किया गया। पहले चरण में उच्च शिक्षित युवक-युवतियों ने मंच पर आकर अपनी शैक्षणिक योग्यता, व्यवसाय तथा जीवनसाथी को लेकर अपनी प्राथमिकताओं का परिचय दिया, जबकि दूसरे चरण में कम शिक्षित युवक-युवतियों का परिचय कराया गया। सम्मेलन में कुल 60 युवक और 30 युवतियों सहित 90 विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की विशेषता इसकी सर्वसमावेशी सोच रही। इसमें सैनी, राजपुरा, सिंघी, गुर्जर, जाट, ब्राह्मण, कुमावत, कोली और बलाई सहित विभिन्न समाजों के युवक-युवतियों ने अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया।

लोक-शांति बनाए रखने के लिए जयपुर पुलिस का कड़ा कदम

दो माह तक ड्रोन, हुक्का बार, डीजे और अनधिकृत रेंटल्स पर लगाया प्रतिबंध

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजधानी में कानून-व्यवस्था, लोक-शांति और आमजन की सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ा निर्णय लिया है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस, 2023 की धारा 163 के तहत चार विशेष निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। ये आदेश 5 अगस्त से 3 अक्टूबर 2026 तक पूरे जयपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में प्रभावी रहेंगे। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफभारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेशों के तहत ड्रोन संचालन, हुक्का बार, तेज ध्वनि वाले डीजे और ऑनलाइन माध्यमों से किराये पर दिए जाने वाले आवासों के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं। वहीं ड्रोन संचालन के संबंध में 250 ग्राम से अधिक वजन वाले माइक्रो और उससे बड़े ड्रोन उड़ाने के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय डीजीसीए के डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण, यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर यूआईएन और यूएओपी परमिट अनिवार्य किया गया है। 250 ग्राम तक के नैनो ड्रोन उड़ाने वालों को उड़ान से 24 घंटे पहले संबंधित पुलिस थाने को सूचना देनी होगी। नैनो ड्रोन अधिकतम 50 फीट 15 मीटर की ऊंचाई तक ही उड़ाए जा सकेंगे तथा नियंत्रित क्षेत्र में श्नो परमिशनए नो टेकऑफ एनपीएनटी प्रणाली अनिवार्य रहेगी। लोगों के घरों के ऊपरए खराब मौसम, कम बैटरी या नशे की हालत में ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

इसके अलावा पुलिस ने होटल, रेस्टोरेंट, नाइट क्लब, बार, पब, डिस्कोथेक, लॉजिंग-बोर्डिंग हाउस, फार्म हाउस और भोजनालयों में हुक्का बार संचालित करने और हुक्के के उपयोग पर भी पूरी तरह रोक लगा दी है। यह कार्रवाई सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम राजस्थान संशोधन, 2019 के प्रावधानों के तहत की गई है। साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में संबंधित पुलिस उपायुक्त डीसीपी की पूर्व अनुमति के बिना डीजे या अन्य तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा।

आम सूचना

हम 1-अब्दुल वाहीद अब्बासी 2- अयुब 3- कयुम 4- महबुब 5- इकराम पुत्रगण श्री मुमताज अली उर्फ ताजूदीन, पता वार्ड संख्या 3 आजम नगर, झुन्झुनू तहसील व जिला झुन्झुनू, राजस्थान, 6- आमीन पुत्र नूरा उर्फ नूर मोहम्मद 7- जाविद पुत्र खुशी मोहम्मद 8- मोहम्मद अहसान पुत्र खुशी मोहम्मद निवासीगण आजम नगर, बन्धे के बालाजी के पास झुन्झुनू जिला झुन्झुनू (राज.) 9- फिरोज पुत्र खुशी मोहम्मद 10- साबिर पुत्र स्व. मुस्ताक मास्टर 11- जाकीर पुत्र स्व. मुस्ताक मास्टर 12- बरकती पत्नी स्व. मुस्ताक मास्टर 13- रसीदा बेगंम पत्नी खुशी मोहम्मद निवासी आजम नगर बन्धे के बालाजी के पास झुन्झुनू जिला झुन्झुनू राजस्थान के है-

1 यह कि हम मुख्तयारकर्ता स्वंय के व हमारे परिवारवालों ने एक मुख्तयारनामा आम दिंनाक 04.07.2025 को स्टाम्प पर व तीन पेपर पर तरूण बंका पुत्र महेश बंका जाति महाजन निवासी वार्ड सख्या 14 मोहल्ला श्रीमालो का झुन्झुनू तहसील व जिला झुन्झुनू राजस्थान के पक्ष में लिखाकर टाईप करवाकर नोटेरी पब्लिक अमृत कुमार झुन्झुनू से तस्दीक करवाया था लेकिन हमारे मुख्तयार तरूण बंका उपरोक्त मुख्तयारनामा में अंकित भूमि बाबत कोर्ट में सही ढंग से पैरवी हमारे हक में नहीं कर रहा है यानि आप कोई कार्यवाही नही कर रहे है इस बाबत हमें ज्ञान होने पर हमारे अधिवक्ता से न्यायालय में चल रही प्रक्रिया के बारे में पूछताछ की तब अधिवक्ता महोदय ने कहा कि आप स्वंय इस मामले में पैरवी करोगे तो उचित रहेगा इन बातों पर विचार करते हुए इस नतीजे पर पहुंचे है कि हमारे द्वारा दिया गया मुख्तयारनामा को निरस्त कर हम स्वंय न्यायालय में पैरवी करेंगे या अन्य मुख्तयार नियुक्त करे, इसलिये इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आपको हमने अपने मुख्तयार से हटा दिया है तथा आपको जरिये मुख्तयारनामा आम दिंनाक 04.07.2025 को जो अधिकार दिये थे उस अधिकारों को निरस्त समझा जावे आप तरूण बंका उक्त मुख्तयारनामा के जरिये दिये गये अधिकारो से कोई भी कार्य नहीं करेंगे ना ही दिये गये मुख्तयारनामा से कोई अनुचित फायदा उठायेंगे। ना ही न्यायालय में चाराजोही करेंगे, वैसे हमने मौखिक व व्यक्तिगत रूप से आपके हक में दिये गये मुख्तयारनामा को निरस्त कर दिया है इसकी सूचना आपको दे दी है यदि इसके बावजूद आप हमारे द्वारा दिये गये मुख्तयारनामा के आधार पर कोई कार्यवाही तो आपके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया जावेगा। अत: आम सूचना हर खास व आम को सूचित रहें।

सूचना देहिन्दागण
1-अब्दुल वाहीद अब्बासी
2- अयुब
3- कयुम
4- महबुब
5- इकराम पुत्रगण श्री मुमताज अली उर्फ ताजूदीन
निवासीगण वार्ड संख्या 3 आजम नगर, झुन्झुनू तहसील व जिला झुन्झुनू, राजस्थान
6- आमीन पुत्र नूरा उर्फ नूर मोहम्मद
7- जाविद पुत्र खुशी मोहम्मद
8- मोहम्मद अहसान पुत्र खुशी मोहम्मद
निवासीगण आजम नगर, बन्धे के बालाजी के पास झुन्झुनू जिला झुन्झुनू (राज.)
9- फिरोज पुत्र खुशी मोहम्मद
निवासी आजम नगर, बन्धे के बालाजी के पास झुन्झुनू जिला झुन्झुनू राजस्थान
10- साबिर पुत्र स्व. मुस्ताक मास्टर
11- जाकीर पुत्र स्व. मुस्ताक मास्टर
12- बरकती पत्नी स्व. मुस्ताक मास्टर
13- रसीदा बेगम पत्नी खुशी मोहम्मद
निवासी आजम नगर, बन्धे के बालाजी के पास झुन्झुनू जिला झुन्झुनू राजस्थान

कार्यालय ग्राम पंचायत सिलनवाद पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/63 दिनांक : 29.07.2026

ई-निविदा सूचना संख्या- 66/2026-27

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत सिलनवाद में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत-जी राम जी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0600 UBN-ZNR2627GLOB00798

प्रशासक
ग्राम पंचायत सिलनवाद
पंचायत समिति लाडनूँ

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सिलनवाद
पंचायत समिति लाडनूँ

कार्यालय ग्राम पंचायत ढींगसरी पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/SPL-01 दिनांक : 30.07.2026

ई-निविदा सूचना संख्या- 70/2026-27

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत ढींगसरी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत-जी राम जी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0619 UBN-ZNR2627GLOB00817

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढींगसरी
पंचायत समिति लाडनूँ

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढींगसरी
पंचायत समिति लाडनूँ

कार्यालय ग्राम पंचायत रींगण पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/69 दिनांक : 28.07.2026

ई-निविदा सूचना संख्या- 63/2026-27

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत रींगण में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत-जी राम जी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0592 UBN-ZNR2627GLOB00790

प्रशासक
ग्राम पंचायत रींगण
पंचायत समिति लाडनूँ

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रींगण
पंचायत समिति लाडनूँ

OFFICE THE GRAM PANCHAYAT PHOOTALA
PS-SHRIMADHOPUR (SIKAR)

No.Eproc/2026-27/93 Date: 4.8.2026

E-Tender Notice No. 03/2026-27

Bids for open tender of procurement Of Construction work including door to door (residential and commercial) garbage collection and segregation road and drain cleaning and community sanitation complex cleaning in all villages of the gram panchayat PHOOTALA Panchayat Samiti SHRIMADHOPUR (Sikar) are invited from Firms/Suppliers Registered Under the GST act 2017, 6.00 PM UPTO 14-08-2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http;//eproc.rajasthan.gov.in) of the state and at Gram Panchayat PHOOTALA Office in all working days.

UBN:- SMD2627WSRC00110

ADMINISTRATOR
GRAM PANCHAYAT PHOOTALA
PANCHAYAT SAMITI SHRIMADHOPUR

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER
GRAM PANCHAYAT PHOOTALA
PANCHAYAT SAMITI SHRIMADHOPUR

जल भराव से हवाई पट्टी, पंचदेव सर्किल एवं अग्रसेन सर्किल को अब मिल सकेगी निजात !

जिले को मिले 129 करोड़ रुपए

सुरेन्द्र शर्मा

झुंझुनू (नवयत्न)। बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से जूझ रहे झुंझुनूं शहर के लिए राहत भरी खबर है। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के पंचम चरण के अंतर्गत जिले में 129.84 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों में विशेष रूप से जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया जाएगा, जिससे शहर के हवाई पट्टी क्षेत्र, पंचदेव सर्किल, अग्रसेन सर्किल, राजपूत कॉलोनी सहित अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थायी समाधान की दिशा में काम होगा। आरयूआईडीपी के तहत झुंझुनू, चिड़ावा, नवलगढ़, मंडावा एवं खेतड़ी नगरों में अपशिष्ट जल प्रबंधन, बाढ़ प्रबंधन, ड्रेनेज व्यवस्था, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, विरासत संरक्षण, पर्यटन विकास तथा आधुनिक शहरी परिवहन से जुड़े कार्य किए जाएंगे। परियोजना पर कुल 129.84 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे जिनमें 115.39 करोड़ रुपये अपशिष्ट जल प्रबंधन, 6.02 करोड़ रुपये बाढ़ प्रबंधन एवं ड्रेनेज तथा 8.43 करोड़ रुपये कमांड एंड कंट्रोल सेंटर एवं विरासत संरक्षण कार्यों पर व्यय होंगे। परियोजनाओं को अंतिम रूप देने से पहले आमजन एवं विभिन्न वर्गों के सुझाव प्राप्त करने के लिए आरयूआईडीपी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 5 अगस्त को मंडावा से होगी जबकि 7 अगस्त को झुंझुनू में जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ विस्तृत संवाद आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि शहरों में बढ़ती आबादी और बदलती आवश्यकताओं को देखते हुए मजबूत आधारभूत सुविधाओं का विकास समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संवाद कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय लोगों के सुझावों को शामिल कर परियोजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा ताकि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए टिकाऊ एवं जनोपयोगी विकास कार्य किए जा सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बरसात के दौरान जिन क्षेत्रों में जलभराव की समस्या सामने आ रही है वहां ड्रेनेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित होगी। आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता देवेंद्र सैनी ने बताया कि पंचम चरण में अपशिष्ट जल प्रबंधन, आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम और बाढ़ प्रबंधन के कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद जल निकासी व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा जिससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या में कमी आएगी और नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर सुझाव लेकर परियोजनाओं को और अधिक उपयोगी बनाना है। आरयूआईडीपी पंचम चरण राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के 84 शहरी निकायों में लगभग 9500 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य किए जाएंगे। एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा वित्तपोषित राजस्थान अर्बन लिवेबिलिटी इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट तथा विश्व बैंक समर्थित सस्टेनेबल अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ राजस्थान एक्सेलरेटेड के माध्यम से शहरों को स्मार्ट, सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाया जाएगा।

इन परियोजनाओं का उद्देश्य विकसित भारत-2047 एवं विकसित राजस्थान-2047 के विजन के अनुरूप नागरिकों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। भारत विकास परिषद् शाखा द्वारा श्री हनुमान बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मंच पर स्थानीय शाखा के संरक्षक वासुदेव चाकलान, शाखा अध्यक्ष परमेश्वर लाल आत्रेय, संस्था प्रधानाचार्या मेधा शर्मा, संयोजक शुकदेव सांखोलिया, प्रकल्प प्रभारी राजेंद्र सिंह बीदावत, कैलाश आत्रेय, मोतीलाल तातेड़ व मंजूला चाकलान मंचस्थ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया गया। शाखा संयोजक संस्कार शुकदेव सांखोलिया द्वारा मंच परिचय कराया गया एवं चाकलान ने भारत विकास परिषद् का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। वहीं राजेन्द्र सिंह बीदावत ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश डाला। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर विद्यालय की शिक्षिका दीक्षा शर्मा, संतोष शर्मा व मनोज एचरा को दुपट्टा ओढ़ाकर, कंठ हार पहनाकर, प्रशस्ति पत्र, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपनी कक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा पूजा सिहाग, एकता शर्मा, प्रियांशी सोनी का दुपट्टा ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न व संस्था प्रधान मेधा शर्मा व उप प्राचार्य पवन कुमार चोटिया का दुपट्टा, कंठहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कैलाश आत्रेय ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में उपस्थित छात्रों को अवगत कराया व नशा न करने की शपथ दिलाई गई। मोतीलाल तातेड़ ने प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की अपील की और पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। संस्था प्रधान ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में पवन महर्षि, भंवरलाल टेलर, मधुलता, धर्मेन्द्र, सोनू शर्मा, जगदीश स्वामी सहित कई शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे। राष्ट्र गान के पश्चात् कार्यक्रम का समापन किया गया।

राष्ट्रव्यापी यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ में स्वर्वेद कथा के प्रवर्तक, सद्गुरु पद उत्तराधिकारी, संतप्रवर विज्ञानदेव महाराज आत्म जागरण से राष्ट्र जागरण के पावन उद्देश्य को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से कन्याकुमारी से कश्मीर तक की राष्ट्रव्यापी यात्रा पर हैं। यह यात्रा समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव एवं विहंगम योग संत समाज के 103वें वार्षिक महोत्सव के निमित्त है। यह पावन यात्रा 08 अगस्त को पावन धरा पर पहुँचेगी। यात्रा को लेकर स्थानीय तापड़िया मंदिर में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया कि उक्त शोभायात्रा सायं 4:30 बजे सिद्धपीठ श्रीतालवाले बालाजी मन्दिर से होती हुई महेश्वरी भवन में सायं 6 बजे पहुंचेगी। महेश्वरी भवन में जय स्वर्वेद कथा, योग, ध्यान, महाप्रसाद सहित कई कार्यक्रम आयोजित होंगे पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में सत्यनारायण सेवदा, दिनेश चोटिया, सत्यप्रकाश शर्मा, विनोद बोचीवाल, शंकरलाल सेवदा, मनोज जोशी, बुधमल माटोलिया, देवकीनन्दन सेवदा, प्रकाश लाटा, रामदेव शर्मा, प्रदीप, महेश सीमार, सुशील इन्दौरिया, अरविंद मिश्रा, रामोतार धानुका, रामकिशन नोहाल, विनोद शर्मा, बनवारी लाल बील, प्रकाश सोनी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

बाल अपराधों से संरक्षण के बारे में दी जानकारी

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। ताल्लुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के निर्देशानुसार मंगलवार को श्री भंवरलाल काला बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष महेश सिंह मीणा ने गुड टच एंड बेड टच के बारे में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने पोक्सो एक्ट और बच्चों के साथ होने वाले लैंगिक अपराधों के संरक्षण के बारे में बच्चों को विस्तृत रूप से बताया। अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने डिजिटल मीडिया से सतर्क रहने के लिए कहा और भारतीय कानून के तहत बच्चों को गलत तरीके से छूने, परेशान करने या अश्लील हरकत करने पर कड़ी सजा के प्रावधान बताये। संचालन पीएलवी मयंक त्रिवेदी ने किया और हेल्पलाइन नंबर 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1091 महिला सुरक्षा, 1930 राष्ट्रीय साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था के प्रिंसिपल अनिल कुमार सैनिक ने आभार प्रकट किया। इसी प्रकार आरडीएस स्कूल में मुख्य अतिथि जेएम पूनम राठौड़ रही जबकि विशिष्ट अतिथि एडवोकेट संतोष सोनी रही।

जबकि सूरजकुमारी गाड़ोदिया आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसीजेएम विकास गजराज ने विद्यार्थियों को विधिक जानकारी दी।

चारण को लगाया नगरपरिषद आयुक्त

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। करीब 18 माह के अंतराल के बाद सुजानगढ़ नगरपरिषद में आयुक्त लगाया गया है। इस बारे में डीएलबी डायरेक्टर जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर की ओर से जारी आदेशों में एपीएओ चल रहे महेंद्र सिंह चारण को सुजानगढ़ नगरपरिषद के राजस्व अधिकारी और आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

एयू बनो चैंपियन विलेज लेवल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में 29 हजार खिलाड़ियों ने दिखाया दम

निसं

जयपुर (नवयत्न)। एयू फाउंडेशन और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू एसएफबी की सीएसआर शाखा द्वारा आयोजित एयू बनो चैंपियन विलेज लेवल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के छठे संस्करण का सफल समापन हो गया। राजस्थान के 66 से अधिक स्थानों पर आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के करीब 29 हजार युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। पिछले पांच संस्करणों की सफलता के बाद आयोजित इस टूर्नामेंट को प्रदेश की सबसे बड़ी जमीनी खेल पहलों में शामिल माना जा रहा है। ओपन चैंपियनशिप प्रारूप में आयोजित प्रतियोगिता में 8 से 17 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को भाग लेने का अवसर मिला। इसमें नियमित प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाड़ियों के साथ स्थानीय प्रतिभाओं ने भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, मुक्केबाजी, वुशु, कबड्डी और खो-खो जैसी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। एयू फाउंडेशन ने बताया कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और उभरती प्रतिभाओं को आगे लाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

संतों ने बावलिया बाबा मंदिर व म्यूजियम में किए दर्शन

निसं

बुगाला (नवयत्न)। कबीर पारख शोध संस्थान कोटा के संत प्रभाकर साहिब, गुरुबोध दास एवं नवीन दास ने मंगलवार को बुगाला स्थित बावलिया बाबा मंदिर एवं म्यूजियम पहुंचकर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत की जानकारी भी ली। मंदिर में पुजारी गोपालदास व म्यूजियम में जुगलकिशोर वर्मा ने संतों का बावलिया बाबा का साहित्य भेंटकर सम्मान किया। संतों ने बाबा की शिक्षाओं एवं लोककल्याणकारी विचारों की सराहना करते हुए आध्यात्मिक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नन्दकिशोर स्वामी, मुरलीधर गुप्ता, मनोज वर्मा, पंकज सोनी, दिनेश गुप्ता, राजकुमारी, कनिष्का, मनिष्का, दिवांशी, अंजना सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

शादी के 45 साल बाद सता रहा तलाक का दंश

हक में आई सम्पति को हड़पने की साजिश रचने का आरोप

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय बंगाली बाबा के तकिये के पास रहने वाली 55 वर्षीय ताहिरा खीची को शादी के 45 साल बाद भी तलाक का दंश सता रहा है। ताहिरा खिची अब अपनी लाचारी पर आंसू बहा रही है। ताहिरा खिची ने बताया 1981 में उसकी शादी मोहम्मद सलीम खिची पुत्र गुलाम रसूल निवासी सुजानगढ़ से हुई थी। उसकी शादी में करीब 30 भरी सोने के जेवरात और करीब ढाई किलो चांदी के जेवरात दिए गए गए थे। इसी शादी से तीन बच्चों का जन्म हुआ जिनकी सभी की शादियां हो चुकी हैं। अब शादी के 45 साल बाद तलाकनामा का नोटिस पति मोहम्मद सलीम खिची द्वारा भेजा गया है। पुलिस को प्रार्थिया ने बताया कि मेरे सारे जेवर व अन्य सामान पति के पास ही है। जबकि मेरे ससुर द्वारा 2007 में अपनी सम्पतियों के बाबत बंटवारा किया गया था। तब मुस्तगिसा के ससुर गुलाम रसुल ने सिंधी कुआ के पास स्थित पुश्तैनी मकान, जलेबीशाह के बगल में स्थित मकान तथा कलकला स्थित नौ नम्बर अमर तला लेन में स्थित फ्लेट व सात नम्बर अमर तला लेन में स्थित दुकान व गोदाम मुस्तगिसा ताहिरा खीची व उसके पुत्र नदीम खीची के नाम कर दिया था जिसकी लिखापढ़ी समाज के मौजीज व्यक्तियों के सामने हुई थी। जो पति सलीम ने अपने कब्जे में कर रखी है। पीड़िता का आरोप है कि उक्त सम्पतियों से छलपूर्वक मुझे वंचित करने के लिये पति व ननदों सिमरन उर्फ सबाना, यास्मिन उर्फ नजमा, मुमताज उर्फ करीश्मा, जास्मिन उर्फ सलमा ने एकराय होकर आपराधिक षड्यंत्र रचते हुये मुलजिम सं 1 पति ने दो गवाहों के हस्ताक्षर करवाकर मुस्तगिसा के विरूद्ध दिनांक 20 जुलाई को लिखित तलाकनामा भिजवाया, जो मुस्तगिसा को 24 जुलाई को प्राप्त हुआ है। परिवादिया का आरोप है कि मेरे व मेरे बच्चों के हक में आये मकानों पर भी आरोपियों ने ताले जड़ दिये हैं। मुस्तगिसा को मकानो में प्रवेश नहीं करने दिया व मुस्तगिसा व उसके पुत्र नदीम खींची के साथ मारपीट व गाली-गलौच किया, तब मौहल्ले में काफी लोग भी जमा हो गये थे। दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप भी रिपोर्ट में लगाए गए हैं। पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गौ उपचारशाला की आज रखी जाएगी नींव

निसं

बुगाला (नवयत्न)। पंडित श्री गणेशनारायण नेतजी दादा सुरभि गौशाला में बुधवार को गौ सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की जाएगी। सुमेर सैनी व प्रदीप कुमार ने बताया कि गांव के राकेश सांखला के पिता मनीराम सांखला की द्वितीय पुण्यतिथि पर गौशाला परिसर में गौ उपचारशाला की आधारशिला रखी जाएगी। गौ सेवा समिति बुगाला के अनुसार कार्यक्रम बुधवार 5 अगस्त को सुबह सवा 9 बजे गौशाला परिसर में आयोजित होगा। उपचारशाला के निर्माण से बीमार एवं घायल गौवंश को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी, जिससे गौ संरक्षण कार्य को और मजबूती मिलेगी। समिति ने बताया कि यह गौमाता की सेवा एवं संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गौभक्तों, ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सेवा कार्य में सहभागी बनने का आह्वान किया गया है।

इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। पिपराली सर्किल, सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया।

सेरेमनी में 50 सदस्यीय स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बैज पहनाकर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट, हाउस फ्लैग प्रेजेंटेशन, बैज पिनिंग सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा ने विद्यार्थियों को स्कूली जीवन में नेतृत्व के गुणों, उत्तरदायित्व, टीमवर्क एवं नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक मनोज ढाका, प्रिंसिपल प्रोमिला यादव, राकेश शेखावत एवं एकेडमिक हेड मंजन कुमार सहित समस्त स्टाफ मेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एससी मतदाताओं की गलत जानकारी देने का आरोप

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। एडीएम को एक ज्ञापन सौंपकर निकाय चुनाव में अनुसूचित जाति आरक्षण में नगर परिषद, सुजानगढ़ द्वारा गलत आँकड़े भिजवाकर चुनाव प्रभावित करने के आरोप लगाए गए हैं। इस हेतु वार्ड नं 40 के मतदाता अरविन्द विश्नोंद्रा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि मैं सुजानगढ़ नगर निकाय के वार्ड नं 40 का मतदाता हूँ। उक्त वार्ड में अनुसूचित जाति के 549 मतदाता हैं। नगर परिषद, सुजानगढ़ द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी, चूरू व राज्य निर्वाचन आयोग को गलत आँकड़े भिजवाये गये हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नगर परिषद, सुजानगढ़ द्वारा नवगठित वार्ड नं 40 में नगर परिषद, सुजानगढ़ के कर्मचारियों द्वारा जान-बूझकर किसी व्यक्ति या दल विशेष के प्रभाव में आकर गलत आँकड़े (अनुसूचित मतदाता सं 16 (0.97 प्रतिशत) भिजवाये गये हैं। उक्त वार्ड को अनुसूचित जाति आरक्षण लॉटरी से वंचित रखने के लिए यह कृत्य किया गया है जो कि अनुसूचित जाति के हक व अधिकारों का हनन है तथा साथ ही संविधान के प्रावधानों की भी अवहेलना है।

एटीएम तोड़कर नकदी लूटने का प्रयास करने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

निसं

जयपुर (नवयत्न)। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम को तोड़कर करीब 15 लाख रुपये की नकदी लूटने की साजिश का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार समय पर गश्ती दल के पहुंचने से लाखों रुपये की लूट की बड़ी वारदात टल गई। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 2 अगस्त की रात डेढ़ बजे विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के रोड नंबर 11 स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में तीन नकाबपोश बदमाश चोरी की नीयत से पहुंचे। उस समय एटीएम में करीब 15 लाख रुपये की नकदी मौजूद थी। आरोपी एटीएम मशीन को तोड़कर नकदी निकालने का प्रयास कर रहे थे। तभी क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस मोबाइल का सायरन सुनाई दिया। पुलिस की आहट मिलते ही तीनों आरोपी वारदात अधूरी छोड़कर मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद विश्वकर्मा थाने में मामला दर्ज कर थानाधिकारी रविंद्र सिंह नरूका के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, बदमाशों की आवाजाही का रूट तैयार किया तथा तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से लगातार निगरानी रखी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए सूरज राजोरा निवासी बयाना भरतपुर हाल निवासी बेनाड़ जयपुर, अर्पित तिवारी मूल निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी मुरलीपुरा जयपुर तथा लक्की सैन उर्फ लखन मूल निवासी भरतपुर हाल निवासी खोराबीसल जयपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में तीनों ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर जब्त कर ली है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपी पहले भी ऐसी वारदातों में शामिल रहे हैं या नहीं तथा उनके अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि गश्ती दल समय पर नहीं पहुंचता तो आरोपी एटीएम में रखी करीब 15 लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो सकते थे। थानाधिकारी रविंद्र सिंह नरूका ने बताया कि वारदात के बाद पुलिस ने एक-एक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर आरोपियों की पूरी गतिविधि ट्रेस की। इसके बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। लगातार कई घंटों के अभियान के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने एटीएम लूट की बड़ी साजिश का पर्दाफाश किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190